चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 83, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 22 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# सूडान: पीएम मोदी ने की उच्चस्तरीय बैठक

## हिंसा प्रभावित क्षेत्र में फंसे भारतीयों की स्थिति की समीक्षा




**नई दिल्ली: सूडान** में भारतीयों से संबंधित स्थिति की समीक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स और सूडानी सशस्त्र बल के बीच संघर्ष का असर भारतीयों पर भी पड़ रहा है। इस लड़ाई के बीच कई भारतीय सूडान में फंस गए हैं।

प्रधानमंत्री ने तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य और विभिन्न विकल्पों की व्यवहार्यता को देखते हुए आगे की आकस्मिक निकासी योजनाओं की तैयारी का निर्देश दिया। बैठक में विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, सूडान में भारत के राजदूत और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी जुड़े थे। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने, घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखने और सूडान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा की स्थिति का लगातार मूल्यांकन करने और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने एक भारतीय नागरिक के निधन पर शोक व्यक्त किया। उसकी पिछले सप्ताह अचानक कहीं से आई एक गोली लगने मौत हो गई थी। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सूडान के हाल के घटनाक्रम का आकलन किया। उन्हें सूडान में तीन हजार से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से जमीनी हालात की जानकारी दी गई।

प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के पड़ोसी देशों और उन देशों के साथ करीबी संपर्क बनाए रखने को कहा, जहां के नागरिक बड़ी संख्या में सूडान में मौजूद हैं।उल्लेखनीय है कि सूडान में सेना और अर्द्धसैनिक बलों के बीच हिंसक गतिरोध जारी है। इसके चलते अबतक एक भारतीय नागरिक और कई स्थानीय लोगों की मौत हो चुकी है।

### सूडान में फंसे भोपाल के व्यक्ति को सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी: शिवराज

**भोपाल: हिंसाग्रस्त** देश सूडान की राजधानी खार्तून में हजारों भारतीयों फंसे हुए हैं। इनमें मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल का भी एक युवक है। मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि सूडान की असामान्य परिस्थितियों में फंसे इस युवक को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री चौहान ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस संबंध में केन्द्र सरकार से निरंतर सम्पर्क में है। इसके लिए मध्यप्र देश कैडर के दिल्ली में पदस्थ संबंधित अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।
दरअसल, भोपाल के बैरागढ़ निवासी जयंत पुत्र नरेंद्र केवलानी गत 04 मार्च को बिजनेस के सिलसिले में सूडान गए थे।

## वर्तमान सरकार काम में वंचितों को प्राथमिकता दे रही: मोदी




**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान सरकार अपने काम में वंचितों को प्राथमिकता दे रही है। पहले यह सोच थी कि सरकार सबकुछ करेगी लेकिन अब सोच यह है कि सरकार सबके लिए करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सिविल सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सिविल सेवकों को संबोधित किया। साथ ही इस आयोजन के दौरान लोक प्रशासन में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार उत्कृष्टता पुरस्कारों को आम नागरिकों के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के जिलों और संगठनों द्वारा किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों को मान्यता देने की दृष्टि से स्थापित किया गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार सबके लिए काम करने की भावना के साथ समय और संसाधनों का बेहतर उपयोग कर रही है। ह्यराष्ट्र प्रथम, नागरिक प्रथमह्व के मंत्र के साथ सरकार की प्राथमिकता वंचितों को वरीयता देना है। आज सरकार आकांक्षी ब्लॉक तक जा रही है और सीमावर्ती गांवों को देश का पहला गांव मानकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए जरूरी है कि हर सरकारी कर्मचारी देशवासियों के सपनों को सच करने में उनकी मदद करें। पिछले दशकों से बनी व्यवस्था की नकारात्मक छवि को सकारात्मक में बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारी योजनाएं कितनी भी बेहतर हों लेकिन अंतिम पायदान तक उसकी वितरण सुनिश्चित ना हो तो अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि आज सबके प्रयास से व्यवस्था में बदलाव आया है और देश के करीब 03 लाख करोड रुपये गलत हाथों में जाने से बचे हैं। आज पैसा गरीब के काम आ रहा है और उसके जीवन को आसान बना रहा है। उन्होंने कहा कि आज की चुनौती कुशलता को लेकर नहीं बल्कि अभाव को लेकर है और उसे दूर कैसे किया जाए इस पर प्रयास करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले के सिस्टम में जिनका जन्म ही नहीं हुआ ऐसे लाखों-करोड़ों फर्जी नामों की आड़ में एक बहुत बड़ा इकोसिस्टम भ्रष्टाचार में जुटा था।

## पुंछ: आतंकियों ने किया था ग्रेनेड का इस्तेमाल

**पुंछ: जम्मू-कश्मीर** में बड़ा हादसा हो गया, जिसमें देश ने पांच जवानों को खो दिया। दरअसल, पुंछ-जम्मू नेशनल हाइवे पर सेना की गाड़ी में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 5 जवान शहीद हुए हैं, जबकि जबकि एक घायल हैं उनका अस्पताल में इलाज जारी है। इस भीषण हादसे में भारतीय सेना के हवलदार मनदीप सिंह, लायंस देवाशीष बसवाल, लायंस एनके कुलवंत सिंह, सिपाही हरकिशन सिंह और सिपाही सेवक सिंह शहीद हो गए हैं।



**सेना से शहीद जवानों के बलिदान को किया सलाम:** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और भारतीय सेना के सभी रैंकों ने 5 भारतीय सेना के जांबाज हवलदार मनदीप सिंह, लायंस देवाशीष बसवाल, लायंस एनके कुलवंत सिंह, सिपाही हरकिशन सिंह और सिपाही सेवक सिंह के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया।

## देश की तरक्की के लिए जनगणना जरूरी : खड़गे

**नई दिल्ली: कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश की तरक्की के लिए जनगणना बहुत जरूरी है। लेकिन केन्द्र सरकार इसे टाल रही है।
खड़गे ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि अब भारत विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है।
ऐसे में हमारे जन-कल्याण की योजनाओं और देश की तरक्की के लिए जनगणना जरूरी है। खड़गे ने कहा कि बिना जनगणना के आंकड़ों के सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहद मुश्किल है।

## ज्ञानवापी: वुजू के लिए पर्याप्त मात्रा में मुहैया कराएं प्लास्टिक टब

**नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को वाराणसी के जिला कलेक्टर से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मुस्लिमों के लिए वुजू के लिए पानी के साथ पर्याप्त संख्या में प्लास्टिक के टब उपलब्ध कराए जाएं।

**पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी:** मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अदालत में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का बयान दर्ज किया। तुषार मेहता ने कहा था कि कलेक्टर मस्जिद परिसर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

**पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को दिए निर्देश:** पीठ ने कहा, "सॉलिसिटर जनरल का कहना है कि जिला मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करेंगे कि असुविधा से बचने के लिए वुजू में पानी के लिए पर्याप्त संख्या में टब उपलब्ध कराए जाएं।" शीर्ष अदालत ने पहले कलेक्टर को निर्देश दिया था कि मस्जिद परिसर में वुजू के लिए अनुकूल व्यवस्था प्रदान करने के लिए एक बैठक आयोजित करें।



**रमजान के दौरान वुजू खोलने की हुई मांग:** अदालत अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें रमजान के महीने के दौरान वाराणसी में मस्जिद परिसर में वुजू की अनुमति मांगी गई थी। शीर्ष अदालत ने इससे पहले 20 मई, 2022 को पारित अपने आदेश का हवाला दिया था, जिसमें निर्देश दिया गया था कि मस्जिद परिसर के अंदर कुछ क्षेत्रों को सील करने के बाद लोगों को वुजू और वॉशरूम की सुविधा प्रदान की जाए।

**मस्जिद प्रबंधन समिति का बयान भी हुआ दर्ज:**
पीठ ने अपने आदेश में कहा कि सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को आश्वासन दिया था कि कलेक्टर द्वारा एक बैठक बुलाई जाएगी ताकि एक अनुकूल कार्य व्यवस्था प्रदान की जा सके। अदालत ने मस्जिद प्रबंधन समिति का यह बयान भी दर्ज किया था कि वह मोबाइल शौचालय उपलब्ध कराने पर भी संतुष्ट रहेगी।

**पिछले साल नवंबर में बढ़ाई गई थी सुरक्षा:** शीर्ष अदालत ने पिछले साल 11 नवंबर को मस्जिद परिसर के अंदर उस क्षेत्र की सुरक्षा अगले आदेश तक बढ़ा दी थी, जहां एक शिवलिंग पाए जाने का दावा किया गया था।

**वुजू के लिए ड्रम से हो रहा पानी का इस्तेमाल:**
मस्जिद समिति की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने पीठ से मामले की जल्द सुनवाई करने का अनुरोध करते हुए कहा था कि रमजान का महीना चल रहा है और पर्याप्त इंतजाम किए जाने चाहिए।

## पटना में लगे 'अतीक अहमद अमर रहे'

### मोदी-योगी मुर्दाबाद' के नारे, जुमे की नमाज के बाद हुई नारेबाजी



**पटना: पटना** में माफिया अतीक अहमद के समर्थन में नारे लगे हैं। पटना जंक्शन के पास एक मस्जिद में नमाज के बाद 'अतीक अमर रहे' की नारेबाजी की गई। ।जानकारी के अनुसार, पटना जंक्शन के पास मस्जिद में जुमे की नमाज अता करने के बाद जब लोग निकल रहे थे, तब वहां कुछ यूट्यूबर्स ने यूपी के अतीक अहमद और अशरफ के शूटआउट प्रकरण पर राय मांगी। इस दौरान कुछ लोग 'अतीक अहमद अमर रहे' के नारे लगाने लगे। इसके साथ ही, लोगों ने 'मोदी-योगी मुदार्बाद' के नारे भी लगाए। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने कहा कि वरीय अधिकारियों से अनुमति लेकर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने की चेष्टा करने के आरोप में यूट्यूबर्स पर भी प्राथमिकी की जाएगी। सीसीटीवी फुटेज निकाला जा रहा है।

**भाजपा ने सरकार को बताया नकारा, नारे से दी प्रतिक्रिया:** पटना में हुई नारेबाजी पर प्रतिक्रिया भी आने लगी है। बिहार भाजपा ने अपने ट्विटर पर पोस्ट कर घटना पर प्रतिक्रिया दी है । भाजपा ने इसके लिए नीतीश सरकार को ही जिम्मेदार बताया है। उन्होंने ट्वीट किया 'जब सरकार में बैठ गए हो नकारे, तो माफियाओं का क्यों ना लगे नारे!'

**नीतीश कुमार जैसा सीएम पूरे हिंदुस्तान में नहीं मिलेगा-मस्जिद इमाम:** वहीं, पटना जिला प्रशासन ने एक मीडिया चैनल के वीडियो पर ट्वीट किया है। जिसमें पटना मस्जिद के इमाम मीडिया से बातचीत कर रहे हैं। इमाम कह रहे हैं ।

## अन्य संस्थाएं भी कर सकेंगी आधार प्रमाणीकरण !

**नई दिल्ली:** सरकारी मंत्रालयों, विभागों के अलावा अन्य संस्थाओं द्वारा आधार प्रमाणीकरण के नियम बनाने के लिए इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सुझाव मांगे है।

इसका उद्देश्य आधार को लोगों के अनुकूल बनाना और सेवाओं तक नागरिकों की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करना है। इस समय सरकारी मंत्रालयों और विभागों को सुशासन के लिए आधार प्रमाणीकरण की अनुमति है।

**प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश:** मंत्रालय का प्रस्ताव है कि कोई संस्था जो जीवनयापन को आसान बनाने, सेवाओं तक बेहतर पहुंच, ज्ञान के प्रसार के उद्देश्य से आधार प्रमाणीकरण का उपयोग करना चाहती हैं वे प्रस्ताव तैयार करें। इसे केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालय या विभाग को और राज्य सरकार के संबंध में राज्य सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा।

**अगले महीने तक दिया जा सकता है फीडबैक:** संबंधित मंत्रालय प्रस्ताव पर अपनी सलाह इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भेज देगा। प्रस्तावित संशोधन मंत्रालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### 4 की याचिका खारिज, तीन दिन पहले 11 को जमानत देने से इनकार किया था

## सुप्रीम कोर्ट ने गोधरा कांड के 8 दोषियों को जमानत दी

**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट ने 2002 के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस की बोगी जलाने के 8 दोषियों को शुक्रवार को जमानत दे दी। ये दोषी उम्रकैद की सजा काट रहे थे, कोर्ट ने जेल में बिताए गए 17-18 साल के समय और अपराध में उनकी भूमिका को ध्यान में रखते हुए जमानत दी। वहीं, अन्य 4 दोषियों को जमानत देने से इनकार कर दिया। इसी मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उन 11 दोषियों की जमानत अर्जियां खारिज कर दी थीं, जिन्हें ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी।



**ट्रायल कोर्ट ने 31 को सुनाई थी सजा:** ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में 31 लोगों को दोषी ठहराया था। इनमें से 11 लोगों को मौत की सजा दी गई थी, वहीं 20 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद दोषियों ने गुजरात हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट ने भी सभी 31 लोगों को दोषी माना था। हालांकि मौत की सजा पाए 11 लोगों की सजा उम्रकैद में बदल दी थी।

**15 दोषियों की जमानत याचिका खारिज हुई:** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पादरीवाला की बेंच ने इन जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की। इस मामले में कुल 31 दोषी थे, जिनमें से 15 की जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है।

## भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी से कम नहीं: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली:** कांग्रेस की पूर्व प्रमुख सोनिया गांधी द्वारा पिछले दिनों एक अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित लेख में मोदी सरकार पर चुप्पी थोपने का आरोप लगाने के कुछ दिनों बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश में कोई जबरन चुप्पी नहीं थोपी गई है और भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का स्तर किसी से कम नहीं है। यहां 16वें लोक सेवा दिवस के अवसर पर सिविल सेवकों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने भारत को सबसे बड़ा लोकतंत्र और इसे लोकतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि हमारे देश का लोकतंत्र सभी स्तरों पर चाहे गांव हो, नगर पालिका हो या फिर राज्यों और केंद्र की बात हो, यह सबसे कार्यात्मक तथा जीवंत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हमारे जैसा स्तर किसी के भी पास नहीं है और लोगों की आवाज को दबाने का कोई ठोस प्रमाण नहीं मिलता है। उपराष्ट्रपति ने उन लोगों के प्रति निराशा व्यक्त की जो भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थानों को नीचा दिखाने, निंदा करने, कलंकित करने तथा गलत साबित करने के दुस्साहस में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह हैरान करने वाला होता है कि जब आर्थिक विकास, नीति-निर्माण और कार्यान्वयन की बात आती है तो हममें से कुछ क्यों आनंदपूर्वक स्वघोषित लक्ष्यों का सहारा लेने लगते हैं? उपराष्ट्रपति ने इस बुरी आदत को समाप्त करने की जरूरत बताई। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 2018 में भ्रष्टाचार-रोधी अधिनियम में संशोधन के जरिये धारा 17ए को शामिल करना एकदम सही दिशा में उठाया गया कदम था ताकि लोक सेवक अपने कर्तव्यों का ठीक से निर्वहन कर सकें। उन्होंने केंद्र और राज्यों में प्रशासन में एकरूपता की वकालत करते हुए कहा कि यह संवैधानिक रूप से अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना पूरा करने में लोक सेवाओं की अहम भूमिका है। इस दौरान धनखड़ ने कठिन परिश्रम के जरिये विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए नौकरशाही की सराहना भी की।



## प्रकाश सिंह बादल की तबियत बिगड़ी

**अमृतसर:** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को शुक्रवार सुबह एक बार फिर अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सेहत बिगड़ने के बाद उन्हें मोहाली के प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आईसीयू में दाखिल कर दिया गया है। डॉक्टरों की टीम उनकी सेहत पर लगातार नजर रखे हुए है। प्रकाश सिंह बादल 95 साल के हो चुके हैं। 5 बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे प्रकाश सिंह बादल की बीते कुछ समय से लगातार सेहत ढीली चल रही है। बीते साल जून 2022 को सीने में दर्द के बाद उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। कुछ समय बाद उन्हें छुट्टी तो मिल गई, लेकिन सितंबर 2022 को उन्हें फिर सेहत ढीली होने के बाद आईसीयू लाया गया था। तकरीबन 6 महीनों के बाद अब उन्हें दोबारा अस्पताल लाया गया है।



# जुमे की अलविदा नमाज के मद्देनजर शहर में हाई अलर्ट, पुराने शहर में चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** रमजान माह के अंतिम जुमा यानी अलविदा की नमाज के मद्देनजर शहर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद एक खास वर्ग के लोगों में व्याप्त आक्रोश के मद्देनजर पुराने शहर में चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस के अधिकारी लगातार चक्रमण कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। माफिया भाइयों की हत्या के बाद से पुराने शहर के कई इलाकों को अति संवेदनशील घोषित कर दिया गया है और यहां पर 24 घंटे पुलिस की ड्यूटी लगा दी गई है। सर्वाधिक संवेदनशील इलाकों में अतीक का पैतृक मुहल्ला चकिया कसारी मसारी है। यहां पर पुलिस और पीएसी के साथ ही आरएएफ की तैनाती की गई है। बड़ी संख्या में महिला फोर्स को भी लगाया गया है। अतीक के खंडहर हो चुके पैतृक निवास पर भी फोर्स लगी हुई है। इसके अलावा कालिंदी पुरम, राजरूप पुर, अटाला, करेली, खुल्दाबाद, चौक, नखास कोहना, रोशनबाग, बेनीगंज, चौक, हिम्मतगंज, कर्बला आदि इलाकों में भारी फोर्स की तैनाती की गई है।

## गुड्डू मुस्लिम के नाम से मांगी 20 लाख की रंगदारी

**प्रयागराज।** भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी को उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी गुड्डू मुस्लिम के नाम से धमकी भरी चिट्ठी मिली है। इसमें उनसे 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। रुपए नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। देवेंद्र तिवारी लखनऊ के आलमबाग में रहते हैं। धमकी मिलने के बाद से उन्होंने डीजीपी से शिकायत कर सुरक्षा की मांग की है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि गुरुवार रात उनकी गाड़ी पर किसी व्यक्ति ने धमकी भरा लेटर चस्पा किया था। जिसमें गुड्डू मुस्लिम के नाम से 20 लाख रुपए की मांग की गई है। यह रकम प्रयागराज लेकर पहुंचने को कहा गया है। रुपए नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई।

## 5 मई से चलेगी 2 ग्रीष्म कालीन विशेष ट्रेन

**प्रयागराज।** गर्मी बढ़ी तो रेलवे की ओर से सुविधाएं भी बढ़ाई जाने लगी है। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से विभिन्न रूटों पर ग्रीष्मकालीन ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। 5 मई से 2 और ग्रीष्मकालीन ट्रेनों का संचालन होने जा रहा है। यह ट्रेन ( 05271/05272) मुज्जफरपुर से यशवंतपुर और फिर यशवंतपुर से मुज्जफरपुर तक जाएगी। यह पांच मई से 29 मई के बीच चलाई जाएगी। इसी तरह (05215/05216) बरौनी से यशवंतपुर और फिर यशवंतपुर से बरौनी तक जाएगी। यह 6 मई से 30 मई के मध्य चलाई जाएगी। ट्रेनें प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन होते हुए जाएगी। इससे प्रयागराज व आसपास के शहरों से आने जाने वाले यात्रियों को सहूलियत होगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भीटा वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

पत्रांकः मेमो/ केन्द्रीय/राज्य वित्त/2022-23

केन्द्रीय/राज्य वित्त योजना अंतर्गत वर्ष 2022–23 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यो कार्य कराने के इच्छुक पंजीकृत एवं अधिकृत फर्म से दिनांक 20–04–2023 से 05–05–2023 दोपहर 2:00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 05–05–2023 को सायं 4 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | सरदारी के घर से सुभाष के घर तक नाली निर्माण कार्य 20 मीटर (मनरेगा योजना अन्तर्गत) | 3.96766 लाख | 1 माह |
| 2. | दयाराम के खेत से बैजनाथ के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य 100 मीटर मनरेगा योजना अन्तर्गत | 3.69361 लाख | 1 माह |

सामान्य शर्ते :– 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदा कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जमा करना होगा।4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय दिनांक 05.05.2023 तक पूर्वान्हन 12.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 5. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 6. सभी कार्यो के लिए अलग–अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 7. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।

नोट–निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय भीटा से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय भीटा में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

**सुनीता देवी**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत भीटा
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

**हेमन्त सिंह**
सचिव
ग्राम पंचायत भीटा
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।



## कार्यालय ग्राम पंचायत बघेलापुर, वि. ख. सिराथू जिला- कौशाम्बी

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2022-23

### टेण्डर/कोटेशन

समस्त अधिकृत पंजीकृत फर्म पंजीकृत विक्रेताओ को एतत द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बघेलापुर सैलाबी विकास सिराथू जनपद कौशाम्बी मे वित्तीय वर्ष 2023–24 मे ग्राम पंचायत के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 02 के अर्न्तगत ठोस तरल अपशिष्ठ प्रंवधन माडल ग्राम पंचायत के अर्न्तगत साइकिल ई–रिक्शा डस्टबिन कय प्लास्टिक बैक कय आर0आर0सी सेटर निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेण्ट बालू सरिया ईट गिट्टी पत्थर गिट्टी टाल्इस इण्टर लकिंग इत्यदि वित्त आयोग एमबी0एम0 फेज 2 ग्रामीण की प्राप्ति धनराशि के अनुसार पन्द्रहवॉ वित्त आयोग पंचम वित्त आयोग मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदो के अर्न्तगत निर्माण कराने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि निर्माण सामग्री व निर्माण कार्य हेतु मोहर बन्द निविदा आमत्रित की जाती है इच्छुक फर्म से दिनांक 22.04.2023 से 30.04.2023 के अपराहन तीन बजे तक निविदा आमत्रित की जाती है प्राप्त निविदा दिनांक 1 मई 2023 को कार्यालय के कार्य दिवस अपराहन तीन बजे ग्राम पंचायत कार्यालय सचिवालय मे निविदा प्रेशित करने वाले ठेकेदारो के समक्ष गठित समिति तथा निर्माण समिति अध्यक्ष ग्राम पंचायत सचिव एंव ग्राम प्रधान की उपास्थिती मे की जायेगी आमत्रित टेण्डर मे दर्शाये गाये कार्यो को धन की उपलब्धता के अनुसार कराये जाने वाले कार्य करने के आदेश दिये जायेगे जिसका विवरण निम्नवत है

| क्र0 | कार्य का नाम | नग/प्रकार | सामग्री की अनुमानित लागत प्रति नग | सामग्री की अनुमानित धनराशि | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि | टेण्डर स्वीकृति होने के पश्चात जमानत की धनराशि व प्रतिशत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 0.3 | 0.30 | 0.9 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 2. | सामुदायिक नाडेय कम्पोस्ट पिट | 0.5 | 0.3 | 1.5 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 3. | सामुदायिक एवं सरस्थागत कचरा पात्र | 0.9 | 0.086 | 0.774 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 4. | सामुदायिक एवं सरस्थागत प्लास्टि बैंक | 10 | 0.06 | 0.6 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 5. | कचरा वाहन ई–रिक्शा | 0.1 | 1.0 लाख | 1.0 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 6. | स्वच्छताकिट | 0.2 | 0.025 | 0.05 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 7. | सामुदायिक एवं सरस्थागत से निर्मित कचरा पात्र | – | – | – | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 8. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट केन्द्र (आर0आर0सी) | 0.1 | 5.0लाख | 5.0लाख | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 3 माह |
| 9. | सामुदायिक एवं सरस्थागत शोकपिट | 10 | 0.2 | 2.0 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 10. | शील्ट केचर नालियो का निर्माण | 0.2 | 0.06 | 0.12 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 11. | यू–टाइप नाली निर्माण व मरम्मत | 130 एम | 0.021 | 2.73 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 12. | हैण्डपम्प प्लेंटफार्म मैट्रो फीटिंग | 12 | 0.06 | 0.72 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 13. | हैण्ड पम्प शोकपिट निर्माण | 0.3 | 0.112 | 0.0336 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 14. | व्यक्तिगत नाइप कम्पोसपिट | 0.4 | 0.17 | 0.68 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 15. | व्यक्तिगत शोकपिट | 0.4 | 0.112 | 0.44 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 16. | सामुदायिक एवं सरस्थागंत इन्सीनेटर (भास्मक) | 0.1 | 0.25 | 0.25 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 10 दिन |
| 17. | भूमिगत नाली मरम्मत निर्माण | 100 एम | 0.02 | 2 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |

नियम व अन्य शर्ते–

1.निविदा के अन्य धरोहर धनराशि फिक्स सिक्योरिटी एन0एस0सी अथवा एफ0डी0 राष्ट्रीयकृत बैंक डाक घर की बात है तथा ग्राम पंचायत बघेलापुर वि0ख0 सिराथू जनपद कौशाम्बी के पक्ष मे बन्धक हो मान्य होगा प्रयुक्त सामग्री के गुणवत्ता के टेस्टिंग की रिपोर्ट के भुगतान के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 2.उपरोक्त निविदा 1 मई 2023 तीन बजे अपराहन खोली जायेगी ग्राम निधि मे उपलब्ध धनराशि व कार्य का मापक न होने के उपरान्त ही कार्य का भुगतान किया जायेगा साम्रगी घट बट सकती है।

**खुर्शीदा बानो**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बघेलापुर
वि0 ख0 सिराथू कौशाम्बी

**लक्ष्मी नारायण मौर्या**
सचिव
ग्राम पंचायत बघेलापुर
वि0 ख0 सिराथू कौशाम्बी



## कार्यालय ग्राम पंचायत उलाचू पुर, वि. ख. सिराथू जिला- कौशाम्बी

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2022-23

### टेण्डर/कोटेशन

समस्त अधिकृत पंजीकृत फर्म पंजीकृत विक्रेताओ को एतत द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उलाचूपुर विकास सिराथू जनपद कौशाम्बी मे वित्तीय वर्ष 2023–24 मे ग्राम पंचायत के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 02 के अर्न्तगत ठोस तरल अपशिष्ठ प्रंवधन माडल ग्राम पंचायत के अर्न्तगत साइकिल ई–रिक्शा डस्टबिन कय प्लास्टिक बैक कय आर0आर0सी सेटर निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेण्ट बालू सरिया ईट गिट्टी पत्थर गिट्टी टाल्इस इण्टर लकिंग इत्यदि वित्त आयोग एमबी0एम0 फेज 2 ग्रामीण की प्राप्ति धनराशि के अनुसार पन्द्रहवॉ वित्त आयोग पंचम वित्त आयोग मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदो के अर्न्तगत निर्माण कराने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि निर्माण सामग्री व निर्माण कार्य हेतु मोहर बन्द निविदा आमत्रित की जाती है इच्छुक फर्म से दिनांक 22.04.2023 से 30.04.2023 के अपराहन तीन बजे तक निविदा आमत्रित की जाती है प्राप्त निविदा दिनांक 1 मई 2023 को कार्यालय के कार्य दिवस अपराहन तीन बजे ग्राम पंचायत कार्यालय सचिवालय मे निविदा प्रेशित करने वाले ठेकेदारो के समक्ष गठित समिति तथा निर्माण समिति अध्यक्ष ग्राम पंचायत सचिव एंव ग्राम प्रधान की उपास्थिती मे की जायेगी आमत्रित टेण्डर मे दर्शाये गाये कार्यो को धन की उपलब्धता के अनुसार कराये जाने वाले कार्य करने के आदेश दिये जायेगे जिसका विवरण निम्नवत है

| क्र0 | कार्य का नाम | नग/प्रकार | सामग्री की अनुमानित लागत प्रति नग | सामग्री की अनुमानित धनराशि | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि | टेण्डर स्वीकृति होने के पश्चात जमानत की धनराशि व प्रतिशत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 0.3 | 0.30 | 0.9 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 2. | सामुदायिक नाडेय कम्पोस्ट पिट | 0.5 | 0.3 | 1.5 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 3. | सामुदायिक एवं सरस्थागत कचरा पात्र | 0.9 | 0.086 | 0.774 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 4. | सामुदायिक एवं सरस्थागत प्लास्टि बैंक | 10 | 0.06 | 0.6 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 5. | कचरा वाहन ई–रिक्शा | 0.1 | 1.0 लाख | 1.0 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 6. | स्वच्छताकिट | 0.2 | 0.025 | 0.05 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 7. | सामुदायिक एवं सरस्थागत से निर्मित कचरा पात्र | – | – | – | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 8. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट केन्द्र (आर0आर0सी) | 0.1 | 5.0लाख | 5.0लाख | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 3 माह |
| 9. | सामुदायिक एवं सरस्थागत शोकपिट | 10 | 0.2 | 2.0 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 10. | शील्ट केचर नालियो का निर्माण | 0.2 | 0.06 | 0.12 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 11. | यू–टाइप नाली निर्माण व मरम्मत | 130 एम | 0.021 | 2.73 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 12. | हैण्डपम्प प्लेंटफार्म मैट्रो फीटिंग | 12 | 0.06 | 0.72 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 13. | हैण्ड पम्प शोकपिट निर्माण | 0.3 | 0.112 | 0.0336 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 14. | व्यक्तिगत नाइप कम्पोसपिट | 0.4 | 0.17 | 0.68 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 15. | व्यक्तिगत शोकपिट | 0.4 | 0.112 | 0.44 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 16. | सामुदायिक एवं सरस्थागंत इन्सीनेटर (भास्मक) | 0.1 | 0.25 | 0.25 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 10 दिन |
| 17. | भूमिगत नाली मरम्मत निर्माण | 100 एम | 0.02 | 2 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |

नियम व अन्य शर्ते–

1.निविदा के अन्य धरोहर धनराशि फिक्स सिक्योरिटी एन0एस0सी अथवा एफ0डी0 राष्ट्रीयकृत बैंक डाक घर की बात है तथा ग्राम पंचायत उलाचुपुर वि0ख0 सिराथू जनपद कौशाम्बी के पक्ष मे बन्धक हो मान्य होगा प्रयुक्त सामग्री के गुणवत्ता के टेस्टिंग की रिपोर्ट के भुगतान के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 2.उपरोक्त निविदा 1 मई 2023 तीन बजे अपराहन खोली जायेगी ग्राम निधि मे उपलब्ध धनराशि व कार्य का मापक न होने के उपरान्त ही कार्य का भुगतान किया जायेगा साम्रगी घट बट सकती है।

**सोने लाल**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत उलाचूपुर
वि0 ख0 सिराथू कौशाम्बी

**लक्ष्मी नारायण मौर्या**
सचिव
ग्राम पंचायत उलाचूपुर
वि0 ख0 सिराथू कौशाम्बी



## कार्यालय ग्राम पंचायत रूपनारायनपुर सैलाबी, वि. ख. सिराथू जिला- कौशाम्बी

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2022-23

### टेण्डर/कोटेशन

समस्त अधिकृत पंजीकृत फर्म पंजीकृत विक्रेताओ को एतत द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रूपनारायनपुर सैलाबी विकास सिराथू जनपद कौशाम्बी मे वित्तीय वर्ष 2023–24 मे ग्राम पंचायत के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 02 के अर्न्तगत ठोस तरल अपशिष्ठ प्रंवधन माडल ग्राम पंचायत के अर्न्तगत साइकिल ई–रिक्शा डस्टबिन कय प्लास्टिक बैक कय आर0आर0सी सेटर निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेण्ट बालू सरिया ईट गिट्टी पत्थर गिट्टी टाल्इस इण्टर लकिंग इत्यदि वित्त आयोग एमबी0एम0 फेज 2 ग्रामीण की प्राप्ति धनराशि के अनुसार पन्द्रहवॉ वित्त आयोग पंचम वित्त आयोग मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदो के अर्न्तगत निर्माण कराने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि निर्माण सामग्री व निर्माण कार्य हेतु मोहर बन्द निविदा आमत्रित की जाती है इच्छुक फर्म से दिनांक 22.04.2023 से 30.04.2023 के अपराहन तीन बजे तक निविदा आमत्रित की जाती है प्राप्त निविदा दिनांक 1 मई 2023 को कार्यालय के कार्य दिवस अपराहन तीन बजे ग्राम पंचायत कार्यालय सचिवालय मे निविदा प्रेशित करने वाले ठेकेदारो के समक्ष गठित समिति तथा निर्माण समिति अध्यक्ष ग्राम पंचायत सचिव एंव ग्राम प्रधान की उपास्थिती मे की जायेगी आमत्रित टेण्डर मे दर्शाये गाये कार्यो को धन की उपलब्धता के अनुसार कराये जाने वाले कार्य करने के आदेश दिये जायेगे जिसका विवरण निम्नवत है

| क्र0 | कार्य का नाम | नग/प्रकार | सामग्री की अनुमानित लागत प्रति नग | सामग्री की अनुमानित धनराशि | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि | टेण्डर स्वीकृति होने के पश्चात जमानत की धनराशि व प्रतिशत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 0.3 | 0.30 | 0.9 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 2. | सामुदायिक नाडेय कम्पोस्ट पिट | 0.5 | 0.3 | 1.5 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 3. | सामुदायिक एवं सरस्थागत कचरा पात्र | 0.9 | 0.086 | 0.774 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 4. | सामुदायिक एवं सरस्थागत प्लास्टि बैंक | 10 | 0.06 | 0.6 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 5. | कचरा वाहन ई–रिक्शा | 0.1 | 1.0 लाख | 1.0 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 6. | स्वच्छताकिट | 0.2 | 0.025 | 0.05 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 7. | सामुदायिक एवं सरस्थागत से निर्मित कचरा पात्र | – | – | – | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 8. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट केन्द्र (आर0आर0सी) | 0.1 | 5.0लाख | 5.0लाख | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 3 माह |
| 9. | सामुदायिक एवं सरस्थागत शोकपिट | 10 | 0.2 | 2.0 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 10. | शील्ट केचर नालियो का निर्माण | 0.2 | 0.06 | 0.12 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 11. | यू–टाइप नाली निर्माण व मरम्मत | 130 एम | 0.021 | 2.73 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 12. | हैण्डपम्प प्लेंटफार्म मैट्रो फीटिंग | 12 | 0.06 | 0.72 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 13. | हैण्ड पम्प शोकपिट निर्माण | 0.3 | 0.112 | 0.0336 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |
| 14. | व्यक्तिगत नाइप कम्पोसपिट | 0.4 | 0.17 | 0.68 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 15. | व्यक्तिगत शोकपिट | 0.4 | 0.112 | 0.44 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 16. | सामुदायिक एवं सरस्थागंत इन्सीनेटर (भास्मक) | 0.1 | 0.25 | 0.25 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 10 दिन |
| 17. | भूमिगत नाली मरम्मत निर्माण | 100 एम | 0.02 | 2 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 1 माह |

नियम व अन्य शर्ते–

1.निविदा के अन्य धरोहर धनराशि फिक्स सिक्योरिटी एन0एस0सी अथवा एफ0डी0 राष्ट्रीयकृत बैंक डाक घर की बात है तथा ग्राम पंचायत रूपनारायनपुर सैलाबी वि0ख0 सिराथू जनपद कौशाम्बी के पक्ष मे बन्धक हो मान्य होगा प्रयुक्त सामग्री के गुणवत्ता के टेस्टिंग की रिपोर्ट के भुगतान के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 2.उपरोक्त निविदा 1 मई 2023 तीन बजे अपराहन खोली जायेगी ग्राम निधि मे उपलब्ध धनराशि व कार्य का मापक न होने के उपरान्त ही कार्य का भुगतान किया जायेगा साम्रगी घट बट सकती है।

**मोहम्मद उमर**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रूपनारायनपुर सैलाबी
वि0 ख0 सिराथू कौशाम्बी

**लक्ष्मी नारायण मौर्या**
सचिव
ग्राम पंचायत रूपनारायनपुर सैलाबी
वि0 ख0 सिराथू कौशाम्बी

# अकीदत के साथ अता की गयी अलविदा की नमाज

## नगर की सभी मस्जिदें ठसाठस भरी रहीं, अजान होते ही भागते नजर आये रोजेदार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रमजान मुबारक महीने के आखिरी जुमे (जमात-उल-विदा) को रोजेदारों ने अकीदत के साथ अलविदा की नमाज अता की। इस अवसर पर जिले की सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी जिससे मस्जिदें ठसाठस भरी रहीं। सबसे ज्यादा भीड़ जेल रोड स्थित जामा मस्जिद में रही। नगर की हर मस्जिदों के बाहर एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया था।



जामा मस्जिद में जुमा के नमाज अदा करते रोजेदार।

यूं तो हर मुसलमान अमूमन जुमे की नमाज अता करने में कोई कोताही नहीं करता लेकिन जो कुछ लोग किसी मजबूरी के तहत जुमे की नमाज अता नहीं कर पाते वे रमजान के मुबारक महीने में पड़ने वाले जुमे की नमाज को जाया नहीं जाने देते। अजान के बाद हर मुसलमान मस्जिद में दाखिल होने के बाद सुन्नत पढ़ता है उसके बाद पेशइमाम खुतबा पढ़ते हैं और फिर फर्ज नमाज पढ़ी जाती है। नगर के बेगम वार्ड, बलीपुर, भैरोपुर, आजाद नगर, सदर बाजार, पुलिस लाइन, भुलियापुर, भगवा चुंगी, चैक जामा मस्जिद सहित कई मस्जिदों में जुमे की नमाज अता की गयी। जेल रोड स्थित जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना रईस साहब ने जुमे की तकरीर में कहा कि रमजान अल्लाह तआला का महीना है। उन्होंने कहा कि शाबान के महीने में ही कुरान पाक नाजिल हुआ। उन्होंने कहा कि पैगम्बर साहब ने फरमाया कि अल्लाह तआला फरमाता है कि इस माह में अमल बढ़ा दिया जाता है। एक नेकी की दस नेकियां लिखी जाती है। यहां तक कि नेकी का सिला सात सौ गुना तक दिया जाता है। रोजे का सवाब यानी पुण्य इतना अधिक है कि उसकी हद को अल्लाह ही जानता है। उन्होंने फरमाया कि रसूल पाक सल्ल. की हदीस में है कि रोजा खाने-पीने और शहवते नफ्सानिया यानी यौन इच्छाओं से रुक जाना है। पेश इमाम ने फरमाया कि इस माह की कद्र न करना गुनाह का जरिया है। इस महीने की तमाम खूबियों, रहमतों को हासिल करने के लिए मुसलमानों को हर लम्हे एहतियात करना चाहिये। नेक अमल करते हुये बुरे कामों से बचना चाहिये। नमाज के बाद नमाजियों ने मस्जिद के बाहर बैठे गरीबों के बीच जकात अदा किया।

### अता हुई अलविदा की नमाज, चाक चैबन्द दिखी व्यवस्था

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अलविदा की नमाज पर इलाके मे पूरे दिन पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्था अलर्ट दिखी। नगर पंचायत के बाजार स्थित चांदतारा मस्जिद तथा खानापटटी व खालसा सादात तथा अझारा, सलेम भदारी मस्जिदों मे अकीदतमंदो ने दोपहर के वक्त आखिरी जुमां पर नमाज अता फरमाई। वहीं धारूपुर, ढ़िगवस, रानीगंज कैथौला, कुम्भीआइमा, नसीरपुर, अठेहा, सगरा सुंदरपुर, लीलापुर साहबगंज, दीवानगंज, सांगीपुर, डीहमेंहदी, हण्डौर मे भी मस्जिदों मे रोजेदारों ने अलविदा की नमाज पर परवर दिगारे आलम से बरक्कत की दुआ मांगी। एसडीएम उदयभान सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने इलाके मे दौरा कर शांति व्यवस्था की देखरेख की। मस्जिदो मे एहतियातन पुलिस बल को भी तैनात देखा गया। शांतिपूर्वक अलविदा की नमाज अता होने को लेकर स्थानीय प्रशासन को भी सकून मे देखा गया। वहीं अलविदा की नमाज होने के बाद ईद की खरीददारी को लेकर भी बाजारों मे शाम से चहल पहल बढ़ी दिखी। आखिरी जुमे पर सलेम भदारी व खानापटटी आदि जगहों पर रोजा इफ्तार पार्टी के भी आयोजन हुए दिखे।

### शांतिपूर्ण ढंग से अदा हुई अलविदा की नमाज

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवावगंज थाना क्षेत्र के मुरस्सापुर, परियावां, आलापुर, कालाकांकर, बाजिदपुर, बरमौली व अस्थान मे शुक्रवार की दोपहर अकी कतमन्द् लोगो ने दरगाह व मस्जिदों मे जुमे के अलविदा की नमाज मुस्लिम भाइयो ने बड़े ही सादगी व आपसी भाई चारे के साथ अदा किया चिलचिलाती धुप की परवाह न करते हुए प्रदेश मे अमन चैन के लिये दुआ मांगी मुस्लिम भाइयो के घरो मे छोटे छोटे बच्चो ने भी अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज अदा के दौरान नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह दीपक कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। शांति पूर्ण ढंग से नमाज अदा होने पर पुलिस ने राहत की सास ली।



ईदगाह की बदहाल सड़क को दुरुस्त करते कर्मचारी।

## बेल्हा देवी चौराहा से ईदगाह की सड़क बनना शुरू

### ईदगाह की बदहाल सड़क का उठाया था मामला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर में बेल्हा देवी चैराहा से भुलियापुर ईदगाह को जाने वाली बदहाल सडक पर पीडब्ल्यूडी जहां सड़क बनाने में जुट गई है, वहीं नगर पालिका ने सड़क के किनारे की झाड़ियों की शुक्रवार को कटाई भी की।

लोक निर्माण विभाग शनिवार की प्रातः तक कितनी सड़क बना लेगा, यह तो नहीं कहा जा सकता। इस बदहाल सड़क का मामला प्रमुखता से प्रकाषित किया गया था जिसके बाद शासन-प्रषासन हरकत में आया और लोक निर्माण विभाग ने ईदगाह की सड़क को शुक्रवार की सुबह से ही बनाना शुरू कर दिया। शुक्रवार को भी एडीएम ने निमार्णाधीन सड़क का निरीक्षण किया। बता दें कि सदर मोड़ से बेल्हा देवी मोड़ तक की सड़क को नगर पालिका ने पहले ही बना ली थी लेकिन बेल्हा देवी चैराह से ईदगाह तक की सड़क बहुत खराब थी। इसी मार्ग से ईद की नमाज अदा करने के लिये लोग शनिवार को जाएंगे। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील के निर्देषन में आज बेल्हा देवी चैराहे से ईदगाह तक सड़क के दोनों तरफ झाड़ियों की सफाई की गई जिससे कि ईदगाह जाने के लिये नमाजियों को परेषानी न हो। बता दें कि शनिवार को ईद के मौके पर सबसे ज्यादा भीड़ ईदगाह में होती है। यहां बड़ी संख्या में लोग ईद की नमाज अदा करने आते हैं।

## आलापुर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारम्भ

### कथा व्यास आचार्य श्रवण कृष्ण महराज करेंगे कथावाचन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के आलापुर निकट जे आई सी इंटर कालेज के पास शुक्रवार से एक सप्ताह के लिये श्रीमद भागवत कथा का आयोजन मुख्य यजमान देबी प्रसाद जायसवाल व उनकी धर्म पत्नी सुशीला देबी ने किया जिसमे कथा वाचक श्रीधाम वृंदावन से पधारे आचार्य श्रवण कृष्ण जी महराज रहे।



जे सजाये रथ पर सवार कथा ब्यास आचार्य श्रवण कृष्ण जी महराज।

श्रीमद भागवत कथा के प्रारंभ मे प्रथम दिन पीले वस्त्र के लिवास मे महिलाओ ने कार्यक्रम स्थल से कथा वाचक ब्यास आचार्य श्रवण कृष्ण जी महराज के साथ कलश को लेकर पैदल कालाकांकर गंगाघाट पंहुचे जहा कलश मे गंगाजल भरकर वापस भैरवनाथ बाबा के मंदिर होते हुए कार्यक्रम स्थल आलापुर पंहुचे साथ मे कथा ब्यास आचार्य श्रवण कृष्ण जी महराज सजे सजाये रथ पर सवार होकर चल रहे थे कलश यात्रा मे आस पास के भारी संख्या मे महिलाये व पुरुष शामिल रहे कार्यक्रम स्थल पर कलश यात्रा के पंहुचने पर कथा ब्यास ने वेदी पूजन का वेदो मंत्रोंचारण के साथ यजमान देबी प्रसाद जायसवाल व धर्म पत्नी सुशीला देबी से सम्पन्न कराया जिसमे कथा ब्यास आचार्य श्रवण कृष्ण जी महराज ने श्रीमद भागवत ज्कथा का प्रारम्भ ह्लश्रीमद भागवत भगवान् की है आरती,पापियो के पाप को है तारतीह्ल के साथ शुरू किया भागवत कथा के साथ रासलीला का लोगो ने भरपूर आंनद उठाया।



नगर कोतवाली का निरीक्षण करते एसपी सतपाल अंतिल।

## नगर कोतवाली का एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने शुक्रवार को अपरान्ह में शहर कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। दोपहर में पुलिस अधीक्षक की गाड़ी कोतवाली पहुंची तो हड़कंप मच गया। कुछ देर शहर कोतवाल सत्येन्द्र सिंह के कक्ष में बैठकर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कोतवाली के अभिलेखों को देखा। उन्होंने अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा साफ-सफाई रखने पर विषेष जोर दिया। लगभग आधे घंटे के निरीक्षण में कोतवाली के सभी सिपाही व सब इंस्पेक्टर एलर्ट मोड में थे। बता दें कि एसपी प्रायः थानों व कोतवाली का निरीक्षण करते हैं। इससे थानों में सिपाही, सब इंस्पेक्टर व प्रभारी अपना कार्य चुस्त-दुरुस्त रखते हैं। पुलिस अधीक्षक ने नगर निकाय चुनाव के लिये पुलिसजनों को टिप्स देते हुए कहा कि अपनी ड्यूटी सतर्कता से करें।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने निकाय चुनाव पर किया मथंन

### अध्यक्ष पद व सभासद के चुनाव के लिए पदाधिकारियों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी के अध्यक्षता में चुनावी बैठक संपन्न हुई जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों व व्यापारियों ने नगरपालिका क्षेत्र के 25 वार्डों में दिनांक 4 मई दिन बृहस्पतिवार को होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद व सभासद पद पर जो भी प्रत्याशी खड़े हैं उस पर ज्यादातर पदाधिकारियों व व्यापारियों ने नगर क्षेत्र के लोगों के बारे में खुलकर अपने बातों व सुझाव से अवगत कराया।



व्यापार मण्डल की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी।

व्यापारियों ने एक स्वर से कहा कि नगर पालिका के चुनाव में बहुत सोच-विचार और सही मंथन करके उसी प्रत्याशी को चुनाव में मत देकर जिताया जाय जो इमानदारी से व्यापारी हित जनहित व व्यापारी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। अपना विकास न कर के नगर क्षेत्र का विकास करें। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जनपद प्रतापगढ़ के सभी छोटे बड़े हर वर्ग के व्यापारी भाइयों के हित की सुविधा सम्मान सुरक्षा के लिए सदैव संघर्षशील रहा है और आगे भी रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से सुरेश केसरवानी, विनय सिंह, सुनील जयसवाल, पंकज केसरवानी, सरदार कुलविंदर सिंह, संजीव जायसवाल, नारायण प्रसाद खंडेलवाल, अख्तर राइन, सरदार वशिंदर सिंह, अली हुसैन, अमित केसरवानी, राहुल गुप्ता एडवोकेट, अब्दुल शाहिद, प्रदीप यादव, अब्दुल खादुल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## इन बेसहारा वृद्धजनों के लिए लोग आएं आगेः विनय मधुकर

### वृद्धाआश्रम के वृद्धजनों के कल्याणार्थ कराई जा रही श्रीमद्भागवत कथा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल एवं शीतला सहाय धर्मा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट तथा वृद्धा आश्रम महुली प्रतापगढ़ के तत्वाधान में आयोजित वृद्धा आश्रम महुली में रह रहे वृद्धजनों के कल्याणार्थ तथा वृद्धा आश्रम परिसर महुली में मृत्यु को प्राप्त हुए समस्त वृद्ध महिला-पुरुष के आत्मा की शांति हेतु उनके मुक्ति मोक्षार्थ श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का सातवें दिन श्री कृष्ण भगवान के 16108 विवाहों की चर्चा की और जरासंध, शिशुपाल का उद्धार एवं सुदामा चरित्र का वर्णन महाराज जी के मुखारबिंदुओं द्वारा किया गया।

सातवें दिवस की कथा में पूज्यनीय विनय मधुकर महाराज ने बताया कि श्री मद्भागवत कथा अमृत फलदाई है और धर्म की रक्षा हेतु भगवान ने मनुज रूप धारण किया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य डायरेक्टर एलायंस क्लब इंटरनेशनल, समाजसेविका रेखा उमरवैश्य, प्रबंधक अम्बिका प्रसाद, मैनेजर मानसिंह, राजेश पांण्डे, जवाहर लाल द्विवेदी, आचार्य गौरव शुक्ला, परमानंद मिश्रा, सुरेश चंद्र पांडे नेताजी, शिव प्रताप सिंह भूसानी बाबा, सुभाष चंद्र पांडे, लल्लन पांडे, रोहन उमरवैश्य, अनुज बिस्कुट वाले, अशोक अग्रवाल, श्याम, छोटे लाल सोनी, श्याम किशोर जायसवाल, सुरेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, शिवेश शुक्ला एडवोकेट, तोष कुमार, समाजसेवी राजकुमार राजू, छेदीलाल, रामेश्वर प्रसाद उमरवैश्य, शिवम सिंह, ओम प्रकाश उमरवैश्य, कुन्दन उमरवैश्य, अजय कुमार, सूरज उमरवैश्य, देवानंद, आशीष कुमार, आदर्श कुमार, विवेक यादव, युवा लोक गायक प्रियम त्रिपाठी, विनम्र तिवारी शनी तथा वृद्धाश्रम परिसर में प्रवास कर रहे वृद्ध जनों में मुख्य यजमान के रूप में संकल्पित क्रमशः लालता प्रसाद दूबे, शिव बाबू मिश्रा, रामसुख पांडेय शिवचन्द शुक्ला हीरालाल मौर्य, गयादीन, गुलाब कली दूबे, राम गरीब, अनारकली, आरती देवी सूरज देवी सहित सैंकड़ों की संख्या में भक्त लोग मौजूद रहे।

### उम्मीदवारों को मिले चुनाव चिन्ह, बढ़ी सरगर्मी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत चुनाव में शुक्रवार को अध्यक्ष एवं सभासद पद के उम्मीदवारों को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया गया। प्रत्याशियों व समर्थकों मे तहसील परिसर मे सुबह से ही चुनाव चिन्ह मिलने को लेकर सरगर्मी देखी गयी। अध्यक्ष पद पर नगर पंचायत मे कांग्रेस तथा भाजपा व सपा एवं बसपा उम्मीदवारों को पार्टी का अधिकृत चिन्ह आवंटित किया गया। वहीं सभासदों को भी चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद प्रत्याशियों ने अपने अपने निर्वाचन क्षेत्रो को कूच करते हुए लोगों को अपना चुनाव चिन्ह बताना शुरू कर दिया।

## जवानों के बलिदान ने भारतीय सेना के पराक्रम की फिर लिखी अविस्मरणीय यशोगाथाः प्रमोद तिवारी

### कांग्रेस सांसद ने आतंकी घटना की उच्चस्तरीय जांच की उठाई मांग

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने देश की रक्षा करते हुए पुंछ मे शहीद हुए जवानों को यहां शुक्रवार को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीदों की स्मृति में शहीद प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया।

नगर के इंदिरा चौक पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सेना के पांच जाबांज जवानों हवलदार मंदीप सिंह, लांसनायक देवाशीष बस्वाल, कुलदीप सिंह व आरक्षी हरभजन सिंह व सेवक सिंह के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए देश की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक इन जवानो को आतंकवादियों से संघर्ष को अदम्य साहस करार दिया। राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की आंखे भी जवानो के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते समय नम हो उठी दिखी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में इंदिरा चैक भारत माता के जयकारे से गूंज उठा भी दिखा। वहीं मीडिया से रूबरू होते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र सरकार से शहीदो के लिए अनुमन्य सुविधाओं आर्थिक एवं सुरक्षा सम्बन्धी परिजनों को फौरन उपलब्ध कराये जाने को कहा है। उन्होनें दावे के साथ कहा कि सदन के अंदर और सदन के बाहर भाजपा सरकार ने खुद यह स्वीकार करने को विवश हुई कि उसके पिछले नौ वर्षो के कार्यकाल में आतंकी घटनाएं बढी है।



आतंकी हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते सांसद प्रमोद तिवारी।

### लक्ष्मणपुर के अध्यक्ष व मंत्री हटे, महेश्वर शुक्ल बने संयोजक

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त कार्य समिति के निर्णयानुसार निर्भय सिंह अध्यक्ष प्रा0 शिक्षक संघ लक्ष्मणपुर, सुधीर मिश्र मंत्री प्राथमिक षिक्षक संघ लक्ष्मणपुर को संगठन विरोधी गतिविधियों व अनुषासनहीनता के कारण इन्हें सदस्यता से निलम्बित किया गया है तथा चुनाव होने तक महेष्वर शुक्ल प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय पूरे नेवाजी लक्ष्मणपुर को विकास खण्ड लक्ष्मणपुर का संयोजक तथा डा0 आलोक सिंह स0अ0 शीतलपट्टी व स0अ0 वीरेन्द्र कुमार यादव काछा लक्ष्मणपुर को सह संयोजक बनाया गया है। यह जानकारी जिला मंत्री विनय सिंह ने दी।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में पट्टी के लाल ने किया कमाल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करने का जुनून हो और अनवरत उस पर काम किया जाए तो हर सफलता को हासिल किया जा सकता है। पट्टी तहसील क्षेत्र के मझिगवां गांव के रहने वाले विनय वर्मा पुत्र नंदलाल वर्मा ने ऐसा ही कुछ कर दिखाया जिसने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। विनय ने जनपद में चैथा स्थान लाकर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि गांव तथा समाज के लोगों के लिए प्रेरणा और नजीर बना हुआ है । सभी लोग उसकी प्रशंशा कर रहे है। गुरुवार को परीक्षा का परिणाम आया था विनय के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया । पिता नंदलाल सहित परिवारी जन विनय की सफलता पर प्रसन्न है तो वही क्षेत्र के नौनिहाल विनय से प्रेरित होकर कुछ अलग करने की इच्छा जता रहे हैं। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक की शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रति माह 1000 रुपये यानी 12000 रुपये प्रति वर्ष के हिसाब से कुल 4 वर्ष तक 48000 रुपये प्राप्त होता है विनय क्षेत्र के रेडीगारापुर स्थित तुलसी पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ रहा था उसकी सफलता पर विद्यालय तथा स्टाफ ने भी खुशी का इजहार किया है।

## विधायक के जन्मदिन पर घुइसरनाथ में कार्यकताओं ने किया हवन-पूजन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में कार्यकताओं ने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के जन्मदिन पर हवन-पूजन कर उनकी दीघार्यु होने की कामना की। इस दौरान नारी सशक्तीकरण सम्मान के आयोजन मे विविध क्षेत्रों मे योगदान के लिए आठ महिलाओ को सम्मानित भी किया गया।

बाबा धाम के सांस्कृतिक सभागार में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने नारी सशक्तीकरण सम्मान के तहत जिला पंचायत सदस्य गीता द्विवेदी, जिपंस भानुमती सिंह, समाजसेविका सीमा मोदनवाल, भाना देवी पुष्पाकर, सुमन यादव, सुषमा यादव, प्रेमा देवी व मंदाकिनी तिवारी को शॉल, पुष्पगुच्छ व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजन के दौरान बडी संख्या मे मौजूद लोगों के साथ कार्यकताओं ने केक काटकर विधायक के जन्मदिन पर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व संयोजन अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र ने किया। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम मे प्रधानाचार्य रंजन त्रिपाठी, आशुतोष मिश्र, सुधाकर पाण्डेय, लल्लन सिंह, रिंकू सिंह परिहार, पप्पू तिवारी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, राजू मिश्र, नीरज सिंह, विनोद सिंह बघेल आदि मौजूद रहे। इसके बाद आयोजको ने सांगीपुर सीएचसी में मरीजों व तीमारदारों को फल भी वितरित किया।

## नहीं माने बागी, निर्दलीय चुनाव लड़कर आजमा रहे अपनी किस्मत

### भाजपा व सपा के बागी बने निर्दलीय प्रत्याशीी, चुनाव चिन्ह आवंटित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिये भाजपा व सपा के उम्मीदवारों के विरुद्ध उन्हीं के बागी नेता इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें मनाने का पार्टी स्तर पर सभी प्रयास विफल हो चुका है। आज प्रत्याषियों को सिम्बल एलाट कर दिया गया। अब तक अपनी पार्टी का गुणगान करने वाले नेता अब अपने ही दल के प्रत्याषी के विरुद्ध निर्दलीय प्रत्याषी के रुप में सामने खडे. हैं।

भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेता तथा नगर पालिका में विगत 25 वर्षों से भाजपा का झण्डा बुलंद करने वाले हरिप्रताप सिंह को फिर टिकट देकर यह संदेष दिया कि भाजपा मजबूत प्रत्याषी को ही टिकट देगी। भाजपा से वरुण प्रताप सिंह, संतोष मिश्र, षिवानी मातनहेलिया अंत तक भाजपा का टिकट मांग रहे थे लेकिन हरिप्रताप सिंह को टिकट मिलने के बाद केवल भाजयुमो के वरुण प्रताप सिंह चुनाव में अंत तक डटे हैं। उन्होंने पर्चा वापस नहीं लिया। इन्हें काफी समझाया गया लेकिन वह माने नहीं। इसी प्रकार सपा नेत्री महिमा गुप्ता सपा की बागी प्रत्याषी के रुप में चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याषी के रुप में अपना नामांकन किया है। सपा के अधिकृत प्रत्याषी संतोष यादव के विरुद्ध कुछ वरिष्ठ नेता भी अपनी नाराजगी जता रहे हैं। ये बागी प्रत्याषी कितना अधिकृत प्रत्याषियों का नुकसान करेंगे, यह तो समय बताएगा। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याषी सादिक अली तथा कांग्रेस ने ब्राहमण प्रत्याषी गल्ली तिवारी को उतारा है। सभी दल के प्रत्याषी अपना मुकाबला भाजपा से मानते हैं जबकि भाजपा प्रत्याषी हरिप्रताप सिंह कहते हैं कि उन्हें शहर की जनता पर पूरा विष्वास है कि वह शहर के विकास के लिये मतदान करेंगे।

## खबर संक्षेप

### आकस्मिक अवकाश लेकर अध्यापकों ने अदा की अलविदा जुमा की नमाज

**करारी कौशाम्बी।** रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। इस पूरे महीने में मुस्लिम वर्ग के लोग पूर्ण आस्था और विश्वास के साथ रोजा रखते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं। प्रत्येक वर्ष शासन की तरफ से जुमातुल विदा हेतु सार्वजनिक अवकाश अनुमन्य होता है। इस बार अवकाश तालिका से शासन द्वारा ये छुट्टी काट दी गई। कुछ जनपदों में डीएम ने स्थानीय अवकाश घोषित किया है। कौशांबी जनपद में शिक्षक संगठन द्वारा अधिकारियों को ज्ञापन देकर छुट्टी की मांग की गई परंतु आला अधिकारियों ने अध्यापकों की मांग को नकार दिया और अलविदा जुमा का अवकाश नहीं घोषित हो पाया। ऐसे में मुस्लिम अकीदतमंद अध्यापकों को आकस्मिक अवकाश लेकर जुमा की नमाज अदा करनी पड़ी। इस संपूर्ण प्रकरण से अध्यापक समाज में रोष व्याप्त है। कई अध्यापकों से वार्ता के क्रम में स्पष्ट हुआ की अध्यापक घर पर होता है फिर भी अधिकारियों द्वारा फरमान जारी होने पर छुट्टी वाले दिन भी पूरा दिन काम करके पेंडेंसी समाप्त की जाती है। अध्यापक कभी किसी काम के लिए आनाकानी नहीं करता। कहने को तो अध्यापक 8 घंटे की ड्यूटी करते हैं मगर व्यावहारिकता ये है कि 24 घंटों में कभी भी अध्यापकों को काम पर लगा दिया जाता है। अवकाश की बात आती है तो अधिकारी मुंह फेर लेते हैं। यह अत्यंत खेदजनक है। रमजान के अंतिम शुक्रवार को छुट्टी घोषित न होने के कारण अध्यापक समाज उपेक्षित महसूस कर रहा है।

# टीकाकरण कार्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व वीसीसीएम सम्मानित

**नियमित व कोविड टीकाकरण में बेहतर कार्य पर मिला सम्मान, प्रदेश स्तरीय कार्यशाला के दौरान मिशन निदेशक ने कार्य को सराहा**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जनपद में टीकाकरण में बेहतर कार्य शैली पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी और वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन लखनऊ की ओर से लखनऊ में सम्मानित किया गया। नियमित टीकाकरण के महाप्रबंधक डॉ मनोज शुक्ल, राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय गुप्ता, यूएनडीपी के राज्य कार्यक्रम अधिकारी, डॉ अहमद अब्बास आगा आदि ने समीक्षा की थी। इसमें में पाया गया कि जिला स्तरीय अधिकारियों ने इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (ई-विन), और कोविन के जरिए वैक्सीन, कोल्ड चेन प्रबंधन करते हुए सफल वैक्सीनेशन कराया है। लखनऊ में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला के दौरान कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अधिकारी शामिल हुए थे। जिसमे जनपद कौशांबी से जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हिंद प्रकाश मणि, वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर ज्ञानेंद्र मिश्रा



जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को सम्मान पत्र देते

को सम्मलित किया गया था। जिन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने अन्य अफसरों के साथ जिलों के कार्य की समीक्षा की जिसमे नियमित टीकाकरण व कोविड टीकाकरण को सफलता पूर्वक संचालित करने के लिए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा हिंद प्रकाश मणि, वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर ज्ञानेंद्र मिश्रा को प्रतीक चिन्ह व सम्मान पत्र और अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुपेन्द्र कुमार ने बताया कि वैक्सीन को सुरक्षित रखने के कई मानक है और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए सही ऐसे में तापमान और रोशनी की आवश्यकता होती हैं यदि किसी कारण से इसे नियंत्रित न करे तो तत्काल प्रभाव से कई वैक्सीन अपनी क्षमता खो देती है। इसीलिए कोल्ड चेन प्रबंधन के तहत कोल्ड चेन स्टोर बनाए गए हैं। वहीं सप्लाई चेन के तहत यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि वैक्सीन की पर्याप्त मात्राए सही समय, सही स्थान व सही तापमान पर ही सही लाभार्थी तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिले के लिए गौरव की बात है कि जिले स्तर के दो अधिकारियों का प्रदेश स्तर पर सम्मानित हुए हैं।

## न्यूज झरोखा

### सिलेंडर की आग बुझाने के सिखाए गए मंत्र



**कल्यानपुर कौशाम्बी।** संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर कौशांबी में अग्नि शमन बिभाग के अधिकारियों द्वारा सिलेंडर में लगी आग को बुझाने का मंत्र सिखाया गया। संयुक्त जिला चिकित्सालय में शुक्रवार की दोपहर अग्नि शमन पुलिस द्वारा सिलेंडरो में लगी आग को कैसे बुझाया जायेगा इसके बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार से समझाते हुए प्रैक्टिकल करके मंत्र बताया गया। चिकित्सालय के समस्त स्टाफ को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशांबी के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार शुक्ला के माध्यम से सिलेंडर में लगी आग को बुझाने की ट्रेनिंग मिली। किस प्रशिक्षण के दौरान अग्नि शमन पुलिस द्वारा बहुत ही सरल उपाय बताया गया। ट्रेनिंग में जिला अस्पताल के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शराब के साथ सात अभियुक्त किये गए गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 110 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है। थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त कंचन पुत्र बुदन पासी निवासी खरका थाना सराय अकील को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त फूलचन्द्र पुत्र छितानी लाल गौतम निवासी लेहदरी थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त धर्मवीर पुत्र मंगलदास निवासी किंगनगर कस्बा व थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राजू सरोज पुत्र खुन्नी लाल सरोज निवासी सिरसी थाना चरवा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त हरिचन्द्र सरोज पुत्र कल्लू निवासी सिंघिया थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 9 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सीताराम सरोज पुत्र स्व० झुरीलाल निवासी सोनारन का पुरवा मजरा कोरियो थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व अतहर पुत्र स्व0 सेकू निवासी वार्ड नं0 2 अम्बेडकर नगर अझुवा थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 16 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है।

### दुष्कर्म के तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रोहित दिवाकर पुत्र लाल बहादुर निवासी सैय्यद सरावां थाना चरवा को मनौरी बाजार ओवर ब्रिज के पास से व विजय निषाद पुत्र पप्पू निवासी मैनापुर थाना पिपरी को गाजा तिराहा के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त केदार नाथ उर्फ मुन्ना नायकर पुत्र राजलाल निवासी शीतलपुर अंधावा थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### ऑनलाइन निविदा आमंत्रित

**कौशाम्बी।** डिजिटल इण्डिया लैण्ड रिकार्ड मार्डनाइजेशन प्रोजेक्ट के अन्तर्गत अभिलेखों को सुरक्षित भैतिक संग्रहण के लिए रिकार्ड रूम (तहसील अभिलेखागार) में काम्पैक्टर की स्थापना एवं अन्य कार्य (डेवलपमेन्ट ऑफ स्टोरेज एरिया) कराये जाने के सम्बन्ध में तहसील चायल में 18, तहसील सिराथू में 20 तथा तहसील मंझनपुर में 21 काम्पैक्टर स्थापित किये जाने के लिए एवं तत्सम्बन्धित कार्यों के लिए दिनांक 20.04.2023 को जेम पोर्टल पर ऑनलाइन बिड संख्या- ॠट/2023/इ/3369701 पर अपलोड करते हुए 11 दिनां में सम्बन्धित संस्थाओं से ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी (भूलेख) ने दी।

# अब हर माह में चार बार होगा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

**हर माह 1 और 16 को भी होगा आयोजित, अभी तक 9 व 24 को होता था आयोजन**




अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मातृ शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जनपद की गर्भवती महिलाओं एवं शिशु को अधिक से अधिक स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ा जा रहा हैं इसी उद्देश्य से चल रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का विस्तार किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिला की प्रसव पूर्व जाँच हर माह के 9 और 24 तारीख को सुरक्षित मातृत्व अभियान में किया जाता था लेकिन अब 1 और 16 तारीख को भी चलाया जायेगा । यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी आरसीएच डॉ एस के झा ने दी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक महिलाओं को गुणवक्ता परक प्रसव पूर्व जाँच सेवाओं को दिलाने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए एवं सभी गर्भवती की जाँच को सुनिचित करने के उद्देश्य से अभियान को संचालित किया जायेगा। डॉ एस.के झा ने कहा कि अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चलाया जाता है। अभियान के दौरान प्रसव पूर्व जांच एवं अन्य सुविधाएं गर्भवती महिलाओं को एक से अधिक बार उपलब्ध कराया जाता है। सामान्य जांच के दौरान हाई रिस्क प्रेगनेंसी होने वाली महिलाओं को चिन्हित करके उनको आवश्यक डॉक्टरी सलाह दिया जाता है विभिन्न कारणों से जोखिम गर्भावस्था मातृ-शिशु की मृत्यु का कारण बनती है। गर्भवती को महिलाओं को चिन्हित उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) गंभीर रक्ताल्पता (एनीमिया ) मधुमेह (शुगर ) दिल की बीमारी, क्षयरोग, मलेरिया आदि की स्थिति में जोखिम बना रहता है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य ऐसी महिलाओं को प्रसव पूर्व ही चिन्हित कर उपचार करना होगा। इससे कि प्रसव के दौरान जोखिम की स्थिति न बने। प्रसव पूर्व जांच में ऐसी महिलाओं को चिन्हित कर उनका सरकारी अस्पतालों में उपचार किया जाएगा। मैटरनल हेल्थ कंसल्टेंट आकाशदीप बताते हैं कि अब तक प्रत्येक माह की 9 तारीख को पीएमएसएमए मनाया जा रहा था। अब इसमें और तेजी लाने के लिए प्रमुख सचिव ने इसे हर माह 1 और 16 तारीख को भी जनपद की एफआरयू (प्रथम संर्दभन इकाई) जनपदीय महिला चिकित्सालयों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें द्वितीय व तृतीय त्रैमासकी गर्भवती की जांच होगी। इसके साथ ही बताया की हर माह की 9 तारीख को जनपद के जिला महिला अस्पताल सहित ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य इकाईयों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में और हर माह की 24 तारीख को जनपद की एफआरयू प्रथम संर्दभन इकाई में यह आयोजन किया जाता रहा है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्ष पद उम्मीदवारों के साथ 23 अप्रैल को बैठक

**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) की अध्यक्षता में 23 अप्रैल 2023 को सायं 04 बजे उदयन सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 में अध्यक्ष पद, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के लिए निर्वाचन लड़ने वाले समस्त उम्मीदवारों के साथ आदर्श आचार-संहिता के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) ने देते हुए सभी उम्मीदवारों से समय से बैठक में प्रतिभाग करने का आग्रह किया है।

**सदस्य पद पर निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की बैठक 22 अप्रैल को**

**कौशाम्बी।** उप जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में 22 अप्रैल 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से एवं मध्यान्ह 12 से सम्बन्धित तहसील सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 में सदस्य पद पर निर्वाचन लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों के साथ आदर्श आचार संहित के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी(न0नि0) ने देते हुए सभी उम्मीदवारों से समय से बैठक में प्रतिभाग करने का आग्रह किया है।

# मथुरा से पधारे कथावाचक द्वारा भरवारी में किया जा रहा है भागवत कथा





अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा से पधारे कथावाचक आचार्य द्वारा भरवारी कस्बे में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है भागवत कथा का आयोजन भरवारी कस्बे के पानी टंकी मोहल्ला में भागवत कथा का आयोजन मेहता रोड निवासी सुंदर लाल गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया है कथावाचक के मुखारविंद से भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का प्रवचन सुनने के लिए सैकड़ों महिला पुरुष भक्तों की भीड़ प्रतिदिन पांडाल में उमड़ रही है आचार्य के मुखारविंद से भागवत कथा सुनकर भक्त भाव विभोर हो रहे हैं पूरा पांडाल प्रभु के जयकारों से गूंज रहा है ताली बजाकर भक्त कथावाचक का उत्साहवर्धन कर रहे हैं भागवत कथा के समाप्ति के बाद पांडाल में यज्ञ हवन के आयोजन में सैकड़ों महिला पुरुष भक्त शामिल हुए हैं उसके उपरांत भंडारे का भी कार्यक्रम किया गया है जिसमें हजारों भक्तों ने प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया।

## पार्टी का टिकट मिलने से नहीं तय होती जीत

**नगर पंचायत चरवा के सपा प्रत्याशी के सामने दिखाई पड़ रही है बड़ी मुसीबत**

**कौशाम्बी।** राजनैतिक पार्टी के द्वारा प्रत्याशी घोषित कर दिए जाने के बाद जीत नहीं तय होती है लोकतंत्र में जीत के लिए जनता का साथ होना चाहिए लेकिन जनता को बलाए ताक में रखकर नगर निकाय के चुनाव में नगर पंचायत चरवा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने एड़ी चोटी का जोर लगाकर टिकट तो अपने भाई को दिलवा दिया है लेकिन टिकट की छीना झपटी के चलते नगर पंचायत चरवा क्षेत्र के एक खास वर्ग के मतदाता समाजवादी पार्टी के इस नेता जी से खासा नाराज हो गए है जिससे उनकी स्थिति डांवाडोल होती दिखाई पड़ रही है नगर निकाय के चुनाव में मतदान और मतगणना के बाद सब कुछ उनके सामने होगा और उनका घमंड चकनाचूर होगा यह बातें नगर पंचायत चरवा के मतदाताओं का कहना है। बताते चलें कि नगर पंचायत चरवा में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को लेकर जिस तरह से ड्रामा हुआ है वाह प्रत्याशी के लिए मुसीबत बन गया है समाजवादी पार्टी से टिकट पाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष लोहिया वाहिनी ने अपने भाई को पार्टी से टिकट दिलाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया लखनऊ से दिल्ली एक कर दिया अंततः पार्टी को उनकी बात माननी पड़ी और प्रदेश अध्यक्ष लोहिया वाहिनी के भाई को समाजवादी पार्टी ने नगर पंचायत चरवा से अध्यक्ष प्रत्याशी घोषित कर दिया हालांकि समाजवादी पार्टी ने चरवा के उत्तम सिंह यादव को पहले उम्मीदवार घोषित किया था यह बात निवर्तमान अध्यक्ष लोहिया वाहिनी को खराब लगी जिस पर लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष ने अपनी पूरी ताकत लगा दी और उत्तम सिंह यादव का टिकट कटवा दिया यही से नेताजी के दुर्दिन शुरू हो गया और चरवा नगर पंचायत के यादव बाहुल्य मतदाता समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी से खासा नाराज हो गए समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के विरोध में मतदाताओं ने मतदान करने का निर्णय किया है प्रत्याशी घोषित कराने में तो नेताजी सफल हो गए लेकिन दूसरी तरफ नगर पंचायत चरवा के खास बिरादरी के मतदाता समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी से नाराज हो गए हैं जिससे समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी की राह आसान नहीं दिखाई पड़ रही है वहीं भाजपा प्रत्याशी भी अंतर कलह से जूझ रहे हैं नगर पंचायत चरवा का चुनाव रोचक दिखाई पड़ रहा है और निर्दल प्रत्याशी की ओर मतदाताओं का झुकाव जा रहा है।

# विकराल गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** विकास खंड मूरतगंज क्षेत्र के अमनी लोकीपुर गांव में हैंडपंप मरम्मत रिबोर व सुंदरी करणा के नाम पर दस लाख रुपए से अधिक की रकम निकले जा चुके हैं लेकिन गांव में पानी की समस्या विकराल बनी हुई है विकराल गर्मी में ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं लेकिन उसके बाद भी आलाधिकारी मौन धारण किया हुए हैं ।

गौरतलब है कि गांव की समस्याओं के समाधान और विकास के नाम पर ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव सरकारी खजाना को खाली करने में खूब सफल हो रहे हैं ग्राम पंचायत में देखा जाए तो कितने पैसे हैंडपंप मरम्मत के नाम पर निकाले गए हैं अगर उसमे से आधा पैसा भी हैंडपंप की मरम्मत और रिबोर में लगा दिया जाता तो ग्रामीणों को पानी के लिए कोई दिक्कत नहीं होती इतनी रकम खर्च किए जाने के बाद भी गांव में पानी की समस्या बनी हुई हैं प्रचंड गर्मी के महीने में ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों की माने तो ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा जिन हैंडपंपों की मरम्मत कराई गई हैं वह पानी नहीं उगल रहे लेकिन फिर भी खंड विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के भ्रष्टाचार धांधली की जांच करा कर उन पर मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास नहीं

**हैंडपप मरम्मत रिबोर के नाम पर आठ लाख से अधिक निकली जा चुकी हैं रकम**

**सुंदरी करणा के नाम पर दो लाख से अधिक निकली जा चुकी है रकम**



किया है जिससे ब्लाक के अधिकारियों की भी मंशा ठीक समझ में नहीं आ रही हैं अमनी लोकीपुर ग्राम प्रधान व सचिव के भ्रष्टाचार धांधली की कहानी यहीं नहीं खत्म होती है जिम्मेदारों ने मिल कर सरकारी खजाना को खूब खाली किया हैं गांव में सुंदरी करणा के नाम पर डेढ़ लाख से अधिक की रकम निकली गई हैं लेकिन इनके ऊपर किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ रही हैं क्यों की लगाता है कि निकाली हुई रकम से कुछ रकम कमीशन के नाम पर अधिकारी तक पहुंचाया जाता हैं इस लिए इनके ऊपर किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ रही हैं। जानकारी के मुताबिक विकास खण्ड मूरतगंज के ग्राम पंचायत अमनी लोकीपुर के ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव गांव में विकास के नाम पर जमकर धांधली कर रहे हैं सरकारी योजना से हैंडपंप मरम्मत रिबोर व सुंदरी करणा के नाम पर कराए गए कार्य पारदर्शी तरीके से नहीं हुए हैं बताया जाता हैं कि हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर 8 लाख 95 हजार रुपए की रकम खजाने से पूर्व में निकाली जा चुकी लेकिन उसके बाद भी गांव में पानी की समस्या बरकरार है ग्रामीणों को पानी के लिए दूर जाना पड़ा रहा हैं लेकिन इनके ऊपर किसी अधिकारी का ध्यान नहीं दिखाई दे रहा हैं इस लिए मन की मरजी की जा रही हैं ग्राम पंचायत में बड़े बड़े भाष्ट्रचार की ओर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए भाष्ट्रचार में लिप्त पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान के कारनामों की जांच कराते दोषी प्रधान और पंचायत सचिव पर मुकदमा दर्ज कराकर इनकी गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की हैं डीपीआरओ की नजर कब इन ग्राम पंचायत की ओर पड़ेगी या फिर इसी तरह ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव अपनी मनमानी कर सरकारी खजाना खाली करते रहेंगे यह योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

# जनपद कौशाम्बी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में 31 मई तक धारा-144 लागू

**जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर 16 अप्रैल से 31 मई 2023 तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी होगा**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट सुजीत कुमार ने अवगत कराया है कि जनपद शान्ति-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील है, जिससे लगे हुए जनपद प्रयागराज में 15.04.2023 की रात्रि में थाना शाहगंज क्षेत्रान्तर्गत कॉल्विन हॉस्पिटल परिसर में अतीक अहमद व खालिद अजीम उर्फ अशरफ की गोली मालकर हत्या कर दिये जाने के दृष्टिगत जनपद में संवेदनशीलता और बढ़ गयी है, इसके अतिरिक्त आगामी 21.04.2023 को जमात-उल-विदा (अलविदा)/रमजान का अन्तिम शुक्रवार तथा 22.04.2023 को ईद-उल-फितर एवं परशुराम जयन्ती आदि पर्वों को सकुशल, सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाना है, इसके साथ ही जनपद में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 की प्रक्रिया के प्रथम चरण में 04 मई 2023 को मतदान एवं 13 मई 2023 को मतगणना होनी है। इन गतिविधियों के आलोक में यह आशंका है कि ऐसे अवसरों पर कतिपय साम्प्रदायिक, असामाजिक, गिरोह-बन्द एवं शरारती तत्व किसी भी स्थान पर किसी भी समय छोटी-छोटी घटनाओ को लेकर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास कर सकतें हैं, जिसके चलते लोक परिशान्ति एवं लोक व्यवस्था सहित विधि व्यवस्था प्रभावित हो सकती हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जन जीवन एवं लोक सम्पत्ति की हानि, हिंसा व बल्वा आदि के नियंत्रण/निवारण एवं जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था व लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम करने तथा कोविड-19 (कोरोना वायरस) के नये वेरियन्ट के संक्रमण को जनमानस में फैलने से रोकने तथा बचाव के उद्देश्य से 16 अप्रैल 2023 से 31 मई 2023 तक निषेधाज्ञा जारी किया है। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया यथा-फेसबुक, व्हाट्सअप, इंस्टाग्राम, ट्वीटर आदि पर अफवाह फैलाने, सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली किसी भी भ्रामक खबर को पोस्ट नहीं करेंगा। इस सन्दर्भ में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-2(1) डब्ल्यू एवं सूचना प्रौद्योगिकी नियम-2011 की धारा-79 यह प्राविधानित करती है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म तत्काल अपने यूजर्स को यह सूचित करें कि वे कोई ऐसी सूचना प्रदर्शित/अपलोड/प्रेषित न करें, जिससे जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सहित धार्मिक/साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ना सम्भाव्य हों। अन्यथा उक्त की अवमानना/अप्रिय स्थिति के लिए दण्ड के भागी होंगे। सामान्य परिस्थितियों को छोड़कर जनपद के सीमा क्षेत्र में किसी भी स्थल पर 05 या 05 से अधिक व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह, जिनके क्रिया-कलापों से लोक/शान्ति व्यवस्था एवं जनसुरक्षा प्रभावित हो, एकत्रित नहीं होंगे, परन्तु यह प्रतिबन्ध शव-यात्रा, बारात या विवाह आदि समारोह पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति अपने पास लाठी, डण्डा, बॉस, बल्लम या किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र तथा आग्नेयास्त्र (फायर आर्म्स), धारदार हथियार या कुंद वस्तुएं, जिन्हें फेंककर प्रहार किया जा सकता है, लेकर न चलेगा और न ही एकत्रित करेगा। यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर तैनात पुलिस, पी0ए0सी0, पी0आर0डी0 एवं होमगार्डस तथा सरकारी कर्मचारियों, रोगियों, अपंग व्यक्तियों पर, जो सहारें के लिए लाठी, डण्डा का प्रयोग करते हैं लागू नहीं होगा। किसी भी व्यक्ति समुदाय या संगठन द्वारा जनसमुदाय को एकट्ठा करने का प्रयास नहीं किया जायेंगा जनपद में किसी भी व्यक्ति/संस्था/संगठन द्वारा प्रेसवार्ता या अन्य किसी कार्यक्रम के माध्यम से साम्प्रदायिक सद्भाव व सामाजिक सामंजस्य को बिगाड़ने का प्रयास नहीं किया जायेंगा। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति, ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नहीं होगा,जिसका उद्देश्य किसी विधि विरूद्ध गतिविधि में भाग लेना हो। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी को न तो जबरिया दबाव डालकर दुकान, कार्यालय, व्यवसाय-स्थल, परिवहन, रेल यातायात बन्द कराने के लिए बाध्य करेंगा और न स्वयं बन्द कराने का प्रयास करेंगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह जिले में मौखिक अथवा सोशल मीडिया के माध्यम से कोई अफवाह नहीं फैलायेगा और न ही कोई मिथ्या प्रचार करेंगा और न किसी प्रकार की उत्तेजनात्मक पर्चे, हैण्डबिल, पम्पलेट मुद्रित करायेंगा और न ही उसका वितरण करायेंगा या करेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह ऐसे नारे या अभद्र शब्दों का प्रयोग नहीं करेगा, जिससे जनसाधारण अथवा किसी वर्ग विशेष या समुदाय की भावना आहत होती है और उसमें उत्तेजना फैलती हो कोई भी व्यक्ति परम्परागत त्योहारों, जलसों, जुलूसों, सामाजिक एवं धार्मिक उत्सवों का आयोजन भी इस प्रकार नहीं करेगा, जिसमें किसी प्रकार के उत्तेजनात्मक नारें लगाये जायेंगे या जिससे दूसरे धर्मावलम्बियों अथवा सम्प्रदायों की धार्मिक या सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचे। कोई भी सभा/रैली, ऐसे स्थान पर आयोजित नहीं की जायेगी, जहां कोई निषेधाज्ञा या प्रतिबन्धात्मक आदेश शासन, स्थानीय प्रशासन अथवा न्यायालय आदि द्वारा लागू किये गये तथा प्रभावी हों। कोई भी व्यक्ति किसी भी धर्म/पंथ/सम्प्रदाय आदि के किसी भी महापुरूष, देवी-देवता आदि का प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी रूप से अनादर करने का प्रयास नहीं करेगा और न ही जनसामान्य को भड़काने वाली अथवा दिग्भ्रमित करने वाली कोई अफवाह फैलायेगा, इसी प्रकार ऐसा कोई लेखन/वॉल पेन्टिंग न किया/कराया जायेंगा और न ही सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त किये बिना देवी-देवाताओं अथवा किसी महापुरूष की मूर्ति ही स्थापित की जायेंगी। किसी भी चार पहिया वाहन या अन्य छत वाले वाहनों की छत पर कोई यात्री, यात्रा नहीं करेगा और दो पहिया वाहनों पर दो से अधिक व्यक्ति तथा अन्य वाहनों पर निर्धारित यात्रियों से अधिक यात्रा नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति/समूह किसी सार्वजनिक अथवा धार्मिक स्थलों के आस-पास मांस/गोश्त न ही बेचेगा और न ही फेंकेगा। कोई भी व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह निर्धारित/अनुमन्य स्थल के अतिरिक्त सार्वजनिक/धार्मिक स्थलों के आस-पास खुलेआम किसी प्रकार की मदिरा का न तो विक्रय करेगा और न ही मदिरा पान करेगा। किसी भी व्यक्ति/ समूह/ संगठन/ राजनैतिक दल आदि द्वारा कोई ऐसा कार्यक्रम/ समारोह/ रैली/ पद यात्रा/ जनसभा आदि नहीं किया जायेगा तथा किसी भी प्रकार के पोस्टर /बैनर/वॉल पेन्टिंग/ पम्पलेट/ फेसबुक/ व्हाट्सअप/ ट्वीटर आदि अन्य किसी माध्यम से कोई संदेश प्रसारित नहीं किया जायेगा, जिससे किसी समुदाय की भावना को ठेस पहुंचे अथवा साम्प्रदायिक सौहार्द्र एवं सामाजिक सामंजस्य बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हो। किसी भी व्यक्ति/समूह द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली भाषा का प्रयोग न ही स्वयं करेगा और न ही ऑडियां/वीडियो के माध्यम से प्रसारित करेगा, इसके साथ ही कोई आपत्तिजनक कथन, सामग्री, फेसबुक/ व्हाटसअप पर पोस्ट नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति अपने भवन या छत पर अथवा अन्य किसी स्थान पर बिना किसी प्रयोजन के कंकड़, पत्थर, ईंट के टुकड़े, शीशे/कॉच की सामग्री, विस्फोटक सामग्री, अथवा ऐसी कोई भी वस्तु का संग्रह नहीं करेगा, जिसका कुत्सिंग प्रयोग लोक व्यवस्था/शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए हो सकता है। कोई भी व्यक्ति रेल या रेल सम्पत्ति, बस अड्डों, सरकारी भवनों/कार्यालयों अथवा अन्य किसी सार्वजनिक सम्पत्ति को न तो क्षति पहुंचायेगा और न ही रेल, बस अथवा यातायात एवं संचार के अन्य साधनों को प्रभावित करेंगा। कोई भी लाइसेंस धारक व्यक्ति या कम्पनी निर्धारित अवधि के बाद अथवा प्रतिबन्धित दिवसों को मदिरा की दुकान न खोलेगा और न ही कोई बिक्रय या व्यवसाय करेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह जिला मजिस्ट्रेट/अपर जिला मजिस्ट्रेट/ अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अथवा सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट के पूवार्नुमति के बिना जनपद में किसी स्थान पर आम सभा नहीं करेगा तथा अनुमति सहित होने वाली सभा में किसी का निरादर नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह जनसामान्य को भड़काने वाली कोई अफवाह नहीं फैलायेगा, किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार को उत्प्रेरित नहीं करेगा, सार्वजनिक भूमि पर स्वार्थवश अतिक्रमण करने का प्रयत्न नहीं करेगा तथा सार्वजनिक यातायात को अवरूद्ध करने के किसी भी प्रयास में लिप्त नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति/समूह उक्त प्रस्तर-20 में उल्लिखित मजिस्ट्रेट से अनुमति प्राप्त किये बिना किसी भी स्थल पर ध्वनि विस्तार यंत्र या साउण्ड बाक्स का प्रयोग नहीं करेगा और न ही उसको पहले से ही धार्मिक अथवा अन्य स्थलों पर इस प्रकार असुरक्षित रखेगा, जिसका प्रयोग धार्मिक या सामाजिक विद्वेष, उन्माद एवं घृणा अथवा हिंसा फैलाने वाले असामाजिक तत्व अथवा उनका गिरोह कर सकें। कोई भी व्यक्ति/समूह ध्वनि विस्ताकर यंत्र, लाउडस्पीकर, साउण्ड बॉक्स, डी0जे0 अथवा जनता को सम्बोधित करने वाली अन्य प्रणाली का प्रयोग सक्षम मजिस्ट्रेट की बिना पूवार्नुमति प्राप्त किये किसी भी सार्वजनिक स्थल या अन्य किसी स्थान पर नहीं करेगा और ऐसे यन्त्रों की आवाज का स्तर ध्वनि प्रदूषण (रेग्यूलेशन एण्ड कंट्रोल) रूल्स-2000 में उल्लिखित निर्धारित मानक से अधिक न होगा। किसी भी पूजा-पण्डाल अथवा धार्मिक स्थल पर भड़काऊ, अश्लील गाने व डी0जे0 का प्रयोग नहीं किया जायेगा तथा अश्लील, अभद्र नृत्य आदि का आयोजन प्रतिबन्धित होगा तथा जनपद कौशाम्बी की सीमा क्षेत्र में आयोजित किसी भी परीक्षा केन्द्र के 200 मी0 की परिधि में 05 या 05 से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि यह आदेश जनपद कौशाम्बी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में एवं जनपद कौशाम्बी में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर दिनांक 16 अप्रैल 2023 से दिनांक 31 मई 2023 तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी होगा। विशेष परिस्थितियों में इस अवधि में इन आदेशों को संशोधित, परिवर्तित अथवा समाप्त किया जा सकता है। इन आदेशों का अथवा इसके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

## जन संपादकीय

# पुलवामा नरसंहार की जांच सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में हो

**जम्मू-कश्मीर** के पूर्व राज्यपाल सत्य पाल मलिक ने पिछले सप्ताह द वायर के साथ अपने साक्षात्कार में जिन विस्फोटक तथ्यों का उल्लेख किया था, उस पर अब तक प्रधानमंत्री कार्यालय से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, हालांकि अनुभवी राजनेता ने प्रधानमंत्री और तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह को चूक के लिए दोषी ठहराया था। चाहे सुरक्षा संबंधी मसला हो या विदेश नीति, हर फैसले को खुद करने वाले प्रधानमंत्री हमेशा की तरह चुप्पी साधे हुए हैं और इस बार कुछ अलग होने की संभावना नहीं है।लेकिन आरोपों का आयाम इतना व्यापक है कि विपक्षी दल इसे केवल राफेल खरीद या स्पाइवेयरपेगासस किराये पर लेने जैसे प्रधानमंत्री से संबंधित अन्य मुद्दों के समान नहीं देख सकते हैं। पूर्व सेना प्रमुख शंकर राय चौधरी ने एक साक्षात्कार में केंद्र द्वारा सीआरपीएफ को विमान से जवानों को ले जाने की अनुमति नहीं देने और सीआरपीएफ के अधिकारियों को राजमार्गों, जो आतंकी हमले के प्रति संवेदनशील रहे हैं, के माध्यम से जम्मू से श्रीनगर तक संबंधित परिवहन की व्यवस्था करने के लिए मजबूर करने के आरोप की गंभीरता को समझाया है। इस त्रुटि के कारण आतंकवादियों द्वारा 40 जवानों की हत्या कर दी गई थी। कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दो अन्य सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों ने मांग की कि भारत सरकार को पुलवामा हमलों पर एक श्वेत पत्र प्रकाशित करना चाहिए जिसमें बताया गया हो कि हमले कैसे हुए और सीआरपीएफ को जवानों को ले जाने के लिए विमान की सुविधा से वंचित क्यों किया गया? दो पूर्व सैन्य दिग्गज चाहते थे कि प्रस्तावित श्वेत पत्र में खुफिया विफलताओं की प्रकृति के साथ-साथ गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अंत में प्रधानमंत्री की संबंधित भूमिकाओं पर भी गौर किया जाना चाहिए। मांग ठीक है लेकिन अभी जैसी स्थिति है, इस बात की कोई संभावना नहीं है कि सरकार इस तरह के एक पेपर के लिए सहमत होगी क्योंकि प्रधानमंत्री पर ध्यान केंद्रित किया गया है जिन्होंने कॉर्बेट पार्क में एक वृत्तचित्र शूटिंग में पुलवामा नरसंहार के दिन का अधिकांश हिस्सा बिताया और जहां उनसे सम्पर्क नहीं साधा जा सकता था।

पश्चिमी देशों में, प्रधानमंत्री सहित शीर्ष सरकारी नेताओं से संबंधित जांच के लिए कुछ निर्धारित नियम हैं। अभी, ब्रिटेन में, एक संसदीय समिति द्वारा जांच की जा रही है कि क्या प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति ने किसी कंपनी में कुछ निवेश के माध्यम से वित्तीय लाभ प्राप्त किया और इसकी सूचना नहीं दी गई। यह एक मीडिया रिपोर्ट के आधार पर शुरू किया गया था और सुनक के कार्यालय से किसी ने भी इस पर आपत्ति नहीं जताई। ऐसे मामलों में जांच जिनमें प्रधानमंत्री शामिल हों, भारत में असंभव है। यहां तो प्रधानमंत्री से जुड़े किसी भी मुद्दे को दरकिनार कर दिया जाता है और उनके राजी होने पर ही इस पर चर्चा होगी। संसद के कामकाज की वर्तमान प्रकृति और विपक्ष की हर जायज मांग को लेकर भाजपा सदस्यों के व्यवहार को देखते हुए यह तय है कि नरेंद्र मोदी सरकार आरोपों के आधार पर किसी भी श्वेत पत्र को स्वीकार नहीं करेगी। सत्य पाल मलिक द्वारा पुलवामा की नये सिरे से जांच की मांग करने वाले सेना के दिग्गजों को भाजपा इकोसिस्टम ने पहले ही 'देशद्रोही' करार देना शुरू कर दिया है और यह सिलसिला जारी रहेगा कि प्रधानमंत्री आखिरकार इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ते हैं या नहीं। भले ही विपक्ष मलिक के आरोपों के आधार पर पुलवामा नरसंहार की जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति की मांग करे, उससे भी तत्काल कोई लाभ होने की उम्मीद नहीं है। सबसे पहले, भाजपा सदस्य संसद में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं होने देंगे। दूसरा, अगर जेपीसी भी बनती है, तो उसमें सत्ताधारी पार्टी के अधिकांश सांसद शामिल होंगे। इसलिए जेपीसी रिपोर्ट का हश्र पहले की किसी अन्य रिपोर्ट की तरह ही होगा। नरसंहार के पीछे की सच्चाई का पता लगाने के लिए श्वेत पत्र और जेपीसी दोनों की मांग समाधान नहीं है। विपक्ष के लिए सबसे अच्छा विकल्प जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक द्वारा लगाये गये सभी आरोपों और सेवानिवृत्त सेना के दिग्गजों द्वारा उठाये गये बिंदुओं की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में जांच की मांग करना है। यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और सर्वोच्च न्यायालय को इसे प्राथमिकता के आधार पर सुनना है। विपक्ष के हाथ में सबसे शक्तिशाली हथियार पूर्व सेना प्रमुख शंकर राय चौधरी द्वारा व्यक्त किया गया विचार है कि पुलवामा आतंकी हमले में सीआरपीएफ जवानों की मौत की प्राथमिक जिम्मेदारी 'प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार पर है, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार द्वारा सलाह दी जाती है'। पूर्व सेना प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले सभी बड़े वाहन और काफिले हमेशा हमले की चपेट में रहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में पुलवामा आतंकी हमला हुआ था, वह हमेशा एक बहुत ही 'कमजोर क्षेत्र' रहा है। उन्होंने द टेलीग्राफ को बताया, 'जम्मू में सांबा (सतवारी हवाईअड्डे से 31 किमी) तक जाने वाली सड़क घुसपैठ के कारण हमेशा असुरक्षित रहती है।' जितना अधिक ट्रैफिक आप अंतरराज्यीय राजमार्ग पर पंप करते हैं, आप उन्हें जोखिम में डाल देते हैं क्योंकि1991 और 1992 के बीच जम्मू और कश्मीर में 16 कोर की कमान संभालने वाले जनरल ने कहा, सीमा पूरी तरह से पाकिस्तान से बहुत दूर नहीं है। जनरल राय चौधरी भी मलिक के इस बयान से सहमत थे कि आतंकी हमला एक खुफिया विफलता का परिणाम था। मलिक ने कहा था कि आरडीएक्स, एक विस्फोटक पदार्थ, जिसका उपयोग हमले में किया गया था, वह पाकिस्तान से आया था। तथ्य यह है कि एक कार जो हमले से पहले कई दिनों तक कश्मीर में 'घूमती' रही और उसका पता नहीं चल सका, वह एक खुफिया और सुरक्षा प्रणाली की असफलता थी। 'यह एक गलती है जिससे सरकार अपना हाथ धोने की कोशिश कर रही है।

# पर्यावरणः पृथ्वी संरक्षण जरूरी

**ललित गर्ग**

**पृथ्वी स**भी ग्रहों में से अकेला ऐसा ग्रह है जिसपर अभी तक जीवन संभव हैं। मनुष्य होने के नाते, हमें प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने वाली गतिविधियों में सख्ती से शामिल होना चाहिए और पृथ्वी को बचाना चाहिए क्योंकि यदि पृथ्वी रहने के लायक नहीं रही तो मनुष्य का विनाश निश्चित है। प्रदूषण और स्मॉग जैसी समस्याओं से निपटने के लिए पृथ्वी दिवस विश्व भर में मनाया जाता है। वहीं, लोगों को संदेश देने के लिए सरकार द्वारा कुछ बेसिक थीम भी तय किए जाते हैं। हर साल प्रकृति एवं पर्यावरण चुनौतियों को ध्यान में रख कर पृथ्वी दिवस के लिए एक खास थीम रखी जाती है और उस थीम के अनुसार टारगेट अचीव करने का प्रयास किया जाता है। इस बार विश्व पृथ्वी दिवस की थीम ह्यइन्वेस्ट इन अवर प्लैनेटह्न है। पृथ्वी दिवस या अर्थ डे जैसे शब्द को दुनिया के सामने लाने वाले सबसे पहले व्यक्ति थे- जूलियन कोनिग। दरअसल, उनका जन्मदिन 22 अप्रैल को होता था। इसी वजह से पर्यावरण संरक्षण से जुड़े आंदोलन की शुरूआत भी उन्होंने इसी दिन की और इसे अर्थ डे का नाम दे दिया। इस वर्ष पृथ्वी दिवस हमें हरित समृद्धि से समृद्ध जीवन बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह थीम संदेश देती है कि हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका और हमारी धरती को एक साथ संरक्षित करने का समय आ गया है। पृथ्वी दिवस आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो पहली बार सन् 1970 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक करना है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है। पौधे जीवन की सबसे बुनियादी जरूरत है चाहे इंसान हो, जानवर हो या अन्य जीवित चीजें। वे हमें भोजन, ऑक्सीजन, आश्रय, ईंधन, दवाएं, सुरक्षा



और फर्नीचर देते हैं। वे पर्यावरण, जलवायु, मौसम और वातावरण के बीच प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए बहुत आवश्यक हैं। हमें वनों की कटाई को रोककर और वनीकरण को बढ़ावा देकर वन्यजीवों की देखभाल करनी चाहिए। आज विश्व भर में हर जगह प्रकृति का दोहन एवं शोषण जारी है। जिसके कारण पृथ्वी पर अक्सर उत्तरी ध्रूव की ठोस बर्फ का कई किलोमीटर तक पिघलना, सूर्य की पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकने वाली ओजोन परत में छेद होना, भयंकर तूफान, सुनामी और भी कई प्राकृतिक आपदाओं का होना आदि ज्वलंत समस्याएं विकराल होती जा रही है, जिसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार हैं। ग्लोबल वार्मिंग के रूप में जो आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा।

जीव-जन्तु अंधे हो जाएंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी और कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ जाएगी। समुद्र का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती इलाके चपेट में आ जाएंगे। कोरोना महामारी जैसी व्याधियां रह-रहकर जीवन संकट का कारण बनती रहेगी। जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। बात अगर इन मूलभूत तत्व या संसाधनों की उपलब्धता तक सीमित नहीं है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो
ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। आप ही बताइये कि कहां खो गया वह आदमी जो स्वयं को कटवाकर भी वृक्षों को कटने से रोकता था? गोचरभूमि का एक टुकड़ा भी किसी को हथियाने नहीं देता था। जिसके लिये जल की एक बूंद भी जीवन जितनी कीमती थी। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। जब मनुष्य पृथ्वी का संरक्षण नहीं कर पा रहा तो पृथ्वी भी अपना गुस्सा कई प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखा रही है। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा।

आज चिन्तन का विषय न तो युद्ध है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बडे. खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं।

> आज
> चिन्तन का विषय न तो युद्ध है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बडे.खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का ध्येय है

# पायरेसी के रिकॉर्ड ब्रेक मामलों पर नियंत्रण जरूरी

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर तेजी से बढ़ते वर्तमान डिजिटल प्रौद्योगिकी युग में पायरेसी की प्रैक्टिस और उसके अति विस्तार से विशाल खतरा इतना बढ़ गया है कि महीनों सालों से मेहनत करने के बाद अपनी योग्यता से बनाए गए अपने किसी भी प्रोग्राम, फिल्म, चलचित्र को पायरेसी और कॉपीराइट उल्लंघन कर इतनी आसानी से उनकी याने मूल मालक की उस भारी मेहनत को कुछ पलों में उजाड़ कर अपने फायदे के लिए उपयोग किया जाता है और उन हित धारकों, फिल्म क्षेत्रों, सरकारों को राजस्व की भारी क्षति पहुंचाई जाती है, जिसको रेखांकित करना अत्यंत जरूरी है। परंतु मीडिया में रिसर्च से मुझे ऐसा ज्ञात हुआ कि चलचित्र (सिनेमैटोग्राफ) अधिनियम 1952 में संशोधन का प्रस्ताव 2019 में भी मंत्रिमंडल द्वारा पारित पारित किया गया था परंतु उस समय में उसे राज्यसभा सदन में पेश करने के बाद राज्यसभा में जांच के लिए यह स्थाई समिति के पास भेजा गया था और अभी तक उसका कुछ नहीं हुआ है और 3 वर्ष बीत गए लेकिन पायरेसी का ग्राफ इस बीच मेरा मानना है कि कहीं और अधिक याने हद से ज्यादा बढ़ गया है,जिससे फिल्म उद्योग बुरी तरह प्रभावित और उम्मीद से अधिक पीछे हो गया है। वहीं सरकारों, शासनों के भी राजस्व को भारी चुना लगता रहा है जिसका लाभ पायरेसी करने वालों को ही मिलता रहा है। यानें हींग लगे ना फिटकरी रंग चोखा आए वाली सोच पर अब आफत आना बिल्कुल निश्चित है बशर्ते आने वाले मानसून सत्र में यह बिल पास हो जाए। चूंकि यह विधेयक मंत्रिमंडल द्वारा दिनांक 20 अप्रैल 2023 को पारित किया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रस्तावित चलचित्र संशोधन विधेयक 2023




को मंत्रिमंडलकी मंजूरी। साथियों बात अगर हम इस विधेयक की करें तो, फिल्म जगत ने सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक 2023 को मंत्रिमंडल की मंजूरी का किया और कहा कि इस कदम से फिल्मों की पायरेसी रोकने में मदद मिलेगी।केन्द्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि संसद के अगले सत्र में विधेयक को पेश किया जाएगा। पायरेसी रोकने, आयुसीमा के आधार पर फिल्मों का वर्गीकरण करने तथा मौजूदा कानून के पुराने पड़ चुके कई प्रावधानों में बदलाव किये जाने की विभिन्न हितधारकों द्वारा मांग की जा रही थी। यू/ए श्रेणी के तहत बनेगी अब तीन उपश्रेणी-2019 में इसे राज्यसभा में पेश करने के बाद संसद की स्थायी समिति को भेजा गया था। सरकार ने स्थायी समिति के साथ ही इससे जुड़े सभी पक्षों की राय के बाद इस कानून का मसौदा तैयार किया है। सिनेमैटोग्राफी संशोधन बिल 2023 के तहत यू/ए श्रेणी में अब तीन नई उपश्रेणी यू/ए 7प्लस, यू/ए 13प्लस, यू/ए16 प्लस होंगी। इसका अर्थ है कि अब सात साल,13 साल और 16 साल से ज्यादा उम्र के दर्शकों के लिए अलग-अलग उपश्रेणी होगी। पहले यू/ए प्रमाणित किसी फिल्म को 12 साल से कम उम्र के बच्चे अपने माता-पिता के साथ ही देख सकते थे। अब नई उपश्रेणी की व्यवस्था के बाद इस क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन होगा। वर्तमान में सेंट्रल बोर्ड ऑफ सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) फिल्म को यू, यू/ए, ए और एस श्रेणी के चार अलग-अलग प्रमाण पत्र देता है। यू श्रेणी की फिल्म को सभी वर्गों के दर्शक देख सकते हैं। ए श्रेणी की फिल्म महज वयस्क और एस श्रेणी की फिल्म विशेष वर्ग के लिए होती है। उन्होंने कहा कि विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पायरेसी के कारण फिल्म की सामग्री प्रभावित न हो क्योंकि इस खतरे से उद्योग को भारी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि कानून का मसौदा तैयार करते समय दुनिया भर में सर्वोत्तम प्रथाओं को ध्यान में रखा गया है।बाद में ट्वीट्स की एक श्रृंखला में, कहा कि बिल भारतीय फिल्मों को बढ़ावा देने और स्थानीय सामग्री को वैश्विक बनाने में मदद करने के लिए एक क्रांतिकारी कदम भी साबित होगा। भारतीय फिल्म उद्योग हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन पाइरेसी इसके लिए लगातार खतरा रही है। कैबिनेट की मंजूरी, फिल्म उद्योग की सुरक्षा और प्रचार की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह भारतीय फिल्मों को बढ़ावा देने और स्थानीय सामग्री को वैश्विक बनाने में मदद करने के लिए एक क्रांतिकारी कदम भी साबित होगा। पाइरेसी केखिलाफ लड़ाई एक वैश्विक है, लेकिन हम कानूनों को सरल बनाकर और भारत में व्यापार करने में आसानी से अपने रचनात्मक उद्योग की रक्षा करने के लिए दृढ़ हैं। हमारे प्रयासों के परिणामस्वरूप हमारी रैंकिंग में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है, जिससे नागरिकों और व्यवसायों को समान रूप से लाभ हुआ है। इस संबंध में 4 फरवरी 2013 को मुद्गलल समिति और 1 जनवरी 2016 को श्याम बेनेगल समिति का गठन भी किया जा चुका था। साथियों बात अगर हम इस विधेयक को 2019 में मंत्रिमंडल में पारित होने की करें तो, पीएम की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सिनेमेटोग्राफ अधिनियम, 1952 में संशोधन के लिए सिनेमेटोग्राफ संशोधन विधेयक, 2019 को प्रस्तुत करने से संबंधित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। विधेयक का उद्देश्य फिल्म पायरेसी को रोकना है और इसमें गैर-अधिकृत कैम्कॉर्डिंग और फिल्मों की कॉपी बनाने के खिलाफ दंडात्मक प्रावधानों को शामिल करना है। ब्यौराफिल्म पायरेसी को रोकने के लिए संशोधन में निम्न को शामिल किया गया है, गैर-अधिकृत रिकॉर्डिंग को रोकने के लिए नई धारा 6एए को जोड़ना सिनेमेटोग्राफ अधिनियम, 1952 की धारा 6ए के बाद निम्न धारा जोड़ी जाएगी।6एएः अन्य कोई लागू कानून केबावजूद किसी व्यक्ति को लेखक की लिखित अनुमति के बिना किसी ऑडियो विजुअल रिकॉर्ड उपकरण के उपयोग करके किसी फिल्म या उसके किसी हिस्से को प्रसारित करने या प्रसारित करने का प्रयास करने या प्रसारित करने में सहायता पहुंचाने की अनुमति नहीं होगी। लेखक का अर्थ सिनेमेटोग्राफ अधिनियम, 1957 की धारा 2 उपधारा-डी में दी गई व्याख्या के समान है।धारा-7 में संशोधन का उद्देश्य धारा-6एए के प्रावधानों के उल्लंघन के मामले में दंडात्मक प्रावधानों को पेश करना हैः मुख्य अधिनियम की धाराह्न-7 में उपधारा-1 के बाद निम्न उपधारा-1ए जोड़ी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति धारा-6एए के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो उसे 3 साल तक का कारावास या 10 लाख रुपये तक का जुमार्ना या दोनों की सजा दी जा सकती है। प्रस्तावित संशोधनों से उद्योग के राजस्व में वृद्धि होगी, रोजगार का सृजन होगा, भारत के राष्ट्रीय आईपी नीति के प्रमुख उद्देश्यों की पूर्ति होगी और पायरेसी तथा ऑनलाइन विषय वस्तु की कॉपी राइट उल्लंघन के मामले में राहत मिलेगी।पृष्ठभूमि समय के साथ एक माध्यम के रूप में सिनेमा, इसकी प्रौद्योगिकी, इसके उपकरण और यहां तक कि दर्शकों में भी महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। पूरे देश में टीवी चैनलों और केबल नेटवर्क के विस्तार से मीडिया और एंटरटेंमेंट के क्षेत्र में कई परिवर्तन हुए हैं। नई डिजिटल तकनीक का आगमन हुआ है और विशेष कर इंटरनेट पर पायरेटेड फिल्मों के प्रदर्शन से पायरेसी के खतरे बढ़े हैं। इससे फिल्म उद्योग और सरकार को राजस्व की अत्यधिक हानि होती है।

# सरगना जिस जमीन दफ़्न, वहां उग आई है विषाक्तबेल

**वर्षा भम्भाणी मिर्जा.**

**देश में** एक बड़ा तबका है जिसके मनोभावों को उस हाल में ला दिया जाता है कि वह पुलिस मुठभेड़ में अपराधी के मरने और हत्या पर तालियां पीटने लगता है, खुशी महसूस करता है और इस आनंद की तलाश में कुछ राजनीतिक दल भी होते हैं। वे यह गणना कर लेते हैं कि यह मौत भी उन्हें राजनीतिक फायदा पहुंचाएगी। लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकार का सरोकार अपराध से क्योंकर होना चाहिए?

एक समय था जब विचाराधीन कैदियों की आत्महत्या या सामान्य मौत पर भी सरकारें सवालों से घिर जाती थीं, बचाव की मुद्रा में आ जाती थीं। अब ऐसा नहीं है। अब की सरकारें तो ऐसा होने के बाद पुलिस की पीठ थपथपाती नजर आती है। बीते सप्ताह प्रयागराज में सरेआम दो विचाराधीन कैदियों की हत्या के बावजूद उत्तर प्रदेश सरकार के माथे पर शिकन तो दूर, सीना ठोंकने का भाव था। कम अज कम उनके मंत्रियों के बयान तो यही जाहिर करते हैं। वे प्राकृतिक न्याय की बात कहते हैं। ऐसे में न्यायालयों की दरकार ही क्या रह जाती है? पुलिस राज जिसे चाहे उसे सजा दे दे और सरकार जब चाहे तब शाबाशी। अपनी-अपनी सरकारें और अपने-अपने दुश्मन। दरअसल व्यवस्था में यकीन का पतन कोई नया नहीं है। प्रयागराज के करीब अयोध्या में ही सहस्त्राब्दियों से जनमानस को प्रेरित करने वाले राजा राम का राम राज्य भी रहा है। आखिर अयोध्या के मयार्दा पुरुषोत्तम उत्तरप्रदेश के योगी राज को किस तरह देख रहे होंगे? नारा तो हत्यारों ने भी भगवान राम के नाम का ही लगाया। रावण को राम के बजाय कोई और मार देता तब भी क्या रामायण बुराई पर अच्छाई की विजय का इतना बड़ा प्रतीक बन पाती? दंड का ऐसा विधान समाज को कोई सन्देश दे पाता? शनिवार की रात जुर्म के सरगना भले ही दफन हो गए हों लेकिन एक जहरीली बेल भी उसी जमीन पर उग आई है जिसे सरकार फिलहाल पूरी तरह नजरअंदाज कर रही है। इस पूरी घटना में उस पहलू को भी नहीं भूलना चाहिए जिसमें माफिया सरगना ने खुद की हत्या की आशंका जताते हुए सर्वोच्च अदालत में भी गुहार लगाई थी क्योंकि इस घटनाक्रम में फरवरी से लेकर अब तक छह लोग मारे गए थे । देश में एक बड़ा तबका है जिसके मनोभावों को उस हाल में ला दिया जाता है कि वह पुलिस मुठभेड़ में अपराधी के मरने और हत्या पर तालियां पीटने लगता है, खुशी महसूस करता है और इस आनंद की तलाश में कुछ राजनीतिक दल भी होते हैं। वे यह गणना कर लेते हैं कि यह मौत भी उन्हें राजनीतिक फायदा पहुंचाएगी। लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकार का सरोकार अपराध से क्योंकर होना चाहिए? ऐसे सवाल अब चलन से बाहर हैं, लेकिन वक्त आएगा जब देश को इस पर गंभीरता से विचार करना ही होगा। राज्य सरकारों का पुलिस एनकाउंटर में अपराधियों को मार गिराना कोई नई बात नहीं है। वह कानून का इकबाल पुलिस मुठभेड़ों से बुलंद करने की गलती हमेशा करती है और फिर यह सिलसिला कभी नहीं थमता। उत्तर प्रदेश के साथ कुछ और राज्यों की सरकारों के मुंह भी यह खून लग चुका है। हैदराबाद में पशु चिकित्सक युवती (2019 ) के बलात्कार के आरोपियों का, राजस्थान में आनंद पाल (2017 ), उत्तरप्रदेश में ही विकास दुबे (2020),पंजाब में सिद्धू मूसेवाला (2022 ) के आरोपित हत्यारों के एनकाउंटर हम सबने देखे हैं। मध्यप्रदेश के आठ कैदियों (2016) को, जिन्हें केंद्रीय जेल भोपाल से शिफ्ट किया जा रहा था, उन्हें भी एनकाउंटर में ही मार दिया गया था। उन पर सिमी के सदस्य होने का आरोप था। विकास दुबे के एनकाउंटर को भी उज्जैन से कानपुर लाते हुए किसी सनसनीखेज किस्से का रूप दे दिया गया था। सबको पता था कि विकास मारा जाएगा। बस कब और कहां, इसी का इंतजार था। इस मामले की तो उच्च स्तरीय जांच भी हुई लेकिन कौन पुलिस के खिलाफ बोलने की हिम्मत करता। कुछ नहीं हुआ।

# ओ जाने वाले

**डॉ. सुरेश**

**इस** दुनिया में चार कंधे मिलना अरबों-खरबों की संपत्ति कमाने से भी मुश्किल है। वह अकेला आया था। अकेला चला गया। पता नहीं वह चार दिनों की दुनिया में कैसे जी पाया। न बंग्ला न गाडी न मोटर न चाकर। भला ऐसे भी कोई जीता है? इतनी जिल्लत भरी जिंदगी से अच्छा पैदा होते ही क्यों न मर गया। जब तक सांस थी तब तक वह दर-दर की ठोकरें खाता था। आज निश्वास है। दर-दर की ठोकरें उसकी चौखट पर खड़ी पड़ी हैं। मानो पूछ रही हैं कि आज क्यों नहीं आया हमारे पास? खून के रिश्ते चौखट तक और मोह के बंधन श्मशान तक आते-आते शून्य हो जाते हैं। वे चारों बचपन से एक ही स्कूल में पढ़ते थे। बड़ी गहरी दोस्ती थी। आज उनमें से एक चला गया। अब वे तीन ही बचे हैं। पहला दोस्त मृत मित्र से अक्सर कहता - जिंदगी का मतलब मौज-मस्ती ऐश करना है। वीकेंड पर गर्लफ्रेंड के साथ पब में जाना थोड़ा-बहुत पीना। मल्टीप्लेक्स में एक अच्छी सी मूवी देखना और घोड़े बेचकर सो जाना। तुम हो कि ये सब करते ही नहीं। इतने पढ़े-लिखे होकर खेती करते तुम्हें शर्म नहीं आती। दूसरे मित्र ने कहा झ मैंने भी उसे लाख समझाया। अपने साथ विदेश आने तक का ऑफर दिया। वह मुस्कुराकर कहता झ मैं जिस मिट्टी में जन्मा हूँ उसी मिट्टी में कुछ कर के मरना चाहता हूँ। खाक इस मिट्टी में रखा ही क्या है? इसमें कुछ होता तो मैं विदेश क्यों जाता? वह और उसकी घटिया सोच ने उसे कहीं का नहीं छोड़ा। आज मेरे पास दुनिया के ऐशो-आराम है। उसके पास अतिम क्रिया करने के पैसे तक नहीं है। ऐसी जिंदगी पर मुझे थूकने का मन तक नहीं करता है। तीसरे मित्र ने कहा मुझे बताते हुए अच्छा नहीं लग रहा, लेकिन वह मेरे पास अक्सर आता और कुछ रुपए उधार मांगता। मालूम करने पर पता चला कि वह इन रुपए-पैसों को अनाथाश्रम, वृद्धाश्रम, पाठशालाओं और जरूरतमंदों में उड़ा देता है। मुझे उसकी बेवकूफी पर बड़ा गुस्सा आया। उसे इतनी भी अक्ल नहीं कि रुपए-पैसे अपने लिए होते हैं, न कि बेफिजूल लोगों पर उड़ाने के लिए। हो न हो यह भीड़ अपना उधार वसूल करने के लिए ही आयी है। वरना इतनी सामान्य सी मौत पर इतने लोग क्यों आते? उन मित्रों के पास खड़ा एक बुजुर्ग-सा ब्याज व्यापारी उनकी बातें बड़े ध्यान से सुन रहा था। उससे रहा नहीं गया। वह पास आकर उनसे कहने लगा - मरना एक सच्चाई है।

## न्यूज झरोखा

### एक हजार कुंतल लहन नष्ट कर पकडी 35 लीटर महुआ शराब, डीओ की अगुवाई में हुई कार्यवाही



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आबकारी आयुक्त के आदेश पर जिलाधिकारी की अगुवाई में नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव की अगुवाई में आबकारी विभाग ने कोतवाली कर्वी के भैरोपागा मंदाकिनी नदी किनारे दबिश देकर 35 लीटर महुआ शराब बरामद की। एक हजार कुंतल लहन मौके पर नष्ट किया।

शुक्रवार को आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्रधान आबकारी सिपाही धमेन्द्र राजपूत, मनोज कुमार पाण्डेय व आबकारी सिपाही शिवसागर, सनमान सिंह, सागर, लालाराम वर्मा व महिला होमगार्ड कालीन्द्री की मौजूदगी में भैरौंपागा में दबिश देकर कच्ची शराब की दो भट्ठियां तोडकर शराब बनाने के उपकरण नष्ट किये।

टीम के आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार सिंह ने शराब बनाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की। मौके से शराब बनाने वाले सभी लोग भाग खडे हुए। टीम के पहुंचते ही शराब बनाने वालों में भगदड मच गई। भगदड के बीच पुलिस ने कानूनी कार्यवाही की है।

### टप्पेबाज को दबोच 13 हजार रुपये बरामद, पुलिस की कार्यवाही से वाहवाही



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय की देखरेख में राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्रा की अगुवाई में पुलिस ने टप्पेबाजी की घटना का पदार्फाश कर एक टप्पेबाज को चोरी के 12370 रुपये व तमंचा-कारतूस समेत दबोचा है।

ज्ञात है कि सरधुवा थाने के बरद्वारा गांव की कुमारी भावन देवी पुत्री किशोरी लाल ने आर्यवर्त बैंक राजापुर से रुपये निकालकरघर जा रही थी। अज्ञात लोगों ने टप्पेबाजी कर रुपये छीनकर भाग गये थे। इस बाबत राजापुर थाने में मामला दर्ज हुआ है। वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शंभू नाई पुत्र रामचन्द्र नाई निवासी चिल्ला थाना पहाड़ी को एक तमंचा व कारतूस तथा टप्पेबाजी के 12370 रुपये समेत दबोच लिया। उसके कब्जे से टप्पेबाजी के रुपये बरामद करने पर माल बरामदगी की धारा बढाई गई। वरिष्ठ दरोगा ने बताया कि शंभू नाई के खिलाफ विभिन्न थानों में तकरीबन एक दर्जन मामले दर्ज हैं। उसका खासा आपराधिक इतिहास है। टीम में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, दीवान अजय पाण्डेय, सिपाही उमेन्द्र त्रिपाठी, सिपाही अजय रजक शामिल रहे।

### शिक्षा क्षेत्र में पीएम ने डीएम को किया सम्मानित, डीएम के अभिनव कार्यो से जिला हुआ गौरवान्वित



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 2014 बैच के आईएएस/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने 18 जुलाई 2022 को जिले का कार्यभार ग्रहण किया था। बुंदेलखंड के पिछडे आकांक्षी जिले चित्रकूट में बालिकाओं विशेष जरूरत वाले बच्चों और स्कूली बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता व उन्नति बढ़ाने की योजना पर काम किया। विद्यालयों के भौतिक बुनियादी ढांचे में बदलाव व समस्त मूलभूत सुविधा देने के प्रयास किये।

जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों, जिला खनिज निधि, नीति आयोग, सांसदों, विधायकों और सीएसआर फंड से 320 स्कूलों में चहारदीवारी का निर्माण, 308 बालको के शौचालय, 340 बालिकाओं के शौचालय, 165 किचन शेड, एक साथ कई प्वाइंट वाले 659 विद्यालय परिसर में हैंड वाशिंग यूनिट, 690 विद्यालय परिसरों का विद्युतीकरण, 1500 से अधिक कक्षाओं के फर्श पर टाइल्स, सोलर पैनल, शुद्ध पेयजल, आरओ प्लांट लगवाये हैं। इस पहल में रूर्बन मिशन नीति आयोग, सीएसआर फंड और जिला खनिज निधि से 280 विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं की व्यवस्था हो गई है। विभिन्न फंडों से कायाकल्प से स्कूलों का जीर्णोद्धार हुआ है। इसी उपलब्धि के मद्देनजर सिविल सर्विस दिवस पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विज्ञान भवन दिल्ली में समग्र शिक्षा के माध्यम से एक समान और समावेशी कक्षा के वातावरण के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की श्रेणी में पुरस्कृत किया है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिले का ही नहीं पूरे प्रदेश का सम्मान बढ़ाया है।

### निकाय चुनाव में 66 सभासद प्रत्याशियों के बीच चुनावी मुकाबला

**नगीना। निकाय** चुनाव की नामांकन प्रक्रिया नगीना नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिए कुल 22 नामांकन पत्र जमा हुए थे। जिनमें जांच के बाद 19 नामांकन पत्र वैध पाए गए। गुरुवार को अध्यक्ष पद के 2 प्रत्याशियों के नाम वापस लेने के बाद मैदान में कुल अध्यक्ष पद के लिए 17 प्रत्याशी बचे हैं जिनके भी चुनाव होना है। जबकि सभासद पद के लिए सभी 25 वार्डों में 175 नामांकन पत्र जमा हुए थे जांच के दौरान सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। गुरुवार को सभासद के 11 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए अब 25 वार्डों में 164 सभासद के प्रत्याशियों के बीच चुनाव होना है।

# एसपी के निर्देश पर 38 के खिलाफ गुण्डा एक्ट कार्यवाही से मची हलचल

## कार्यवाही से बचने को नेताओं की चौखट के लगा रहे चक्कर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में पुलिस ने 38 लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा की कार्यवाही की है। इस कार्यवाही से बडे पैमाने पर अराजकतत्वों में हलचल मची है।

शुक्रवार को राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्रा ने आम जनता में भय फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले रामविशाल पुत्र मोतीलाल, विजय पुत्र मोतीलाल, राज पुत्र धर्मेन्द्र, अमृतलाल पुत्र सियाम्बर निवासी डुडौली, विनोद उर्फ पप्पू पाण्डेय निवासी रुपौलिहन टोला, भागवत पाण्डेय पुत्र आदर्श पाण्डेय, प्रहलाद पाण्डेय पुत्र आदित्य पाण्डेय निवासी रुपौलिहन टोला, अनूप तिवारी उर्फ अन्नू तिवारी पुत्र चन्द्रदेव तिवारी, अरविन्द्र तिवारी उर्फ मुन्नू तिवारी पुत्र चन्द्रदेव तिवारी, आशीष तिवारी पुत्र अरविन्द्र तिवारी उर्फ मुन्नू तिवारी निवासी देबिन टोला, दीपू सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह, लालबाबू सिंह पुत्र राजभवन सिंह, रवि सिंह पुत्र बुद्धराज सिंह निवासी बेराउर, लालू सिंह पुत्र शिवनरेश सिंह पुत्र धर्मराज सिंह निवासी महुवा, मुन्ना सिंह पुत्र करन सिंह, नदीम खां पुत्र अजीज खां निवासी रायपुर, रामचिन्तन द्विवेदी पुत्र इन्द्रसेन द्विवेदी निवासी उदघटा, कामता उर्फ नत्थू पुत्र राजेन्द्र, आदर्श शुक्ला पुत्र रमेश निवासी रुपौलिहन टोला, रघुवीर उर्फ जीतू पुत्र भोला प्रसाद निवासी माधौगंज, मनोज द्विवेदी पुत्र प्रेमचन्द्र द्विवेदी निवासी पश्चिमी नाका के खिलाफ धारा 110जी सीआरपीसी के तहत मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है।

थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द ने आम जनता में भय फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले राज पुत्र मइयादीन, सत्यम पुत्र स्व श्याम बिहारी, प्रेम सिंह, छोटू पुत्रगण मइयादीन, लखनलाल उर्फ लख्खू पुत्र स्व श्यामबिहारी निवासी भैसौंधा के खिलाफ धारा 110जी सीआरपीसी के तहत मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह ने आम जनता में भय फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले पारस मिश्रा पुत्र देवी प्रसाद निवासी महावीर नगर, सुशील पाठक पुत्र शिवशरण, अमन अग्रहरी पुत्र रामकृष्ण निवासी बाल्मिकी नगर, अंकित गुर्जर पुत्र अशोक निवासी आर्य नगर, राज नारायण अहिरवार पुत्र मोतीलाल निवासी डांडी चमरौडी, प्रदीप उर्फ पिन्टू पुत्र राम सुमेर निवासी ऐलहा बढैया, अंकित पुत्र राजस निवासी सरैंया, राजकुमार, चुनकावन पुत्रगण शिवभोला, राम प्रताप पुत्र रामसजीवन निवासी गड़रियन पुरवा, छोटू यादव पुत्र रामजी, कपूर सिंह पुत्र मनमोहन निवासी केकरामार के खिलाफ धारा 110जी सीआरपीसी के तहत मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है।

इस कार्यवाही से अराजकतत्वों में बडे पैमाने पर खलबली मची है। अराजकतत्व कार्यवाही से बचने को इधर-उधर नेताओं की चैखट के चक्कर लगा रहे हैं।

# अलविदा जुमा: मुल्क की सलामती की मांगी दुआ

## बाजारों में रही रौनक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रमजान माह की अलविदा जुमे की नमाज पढ़ने कच भारी भीड़ उमड़ी। प्रत्येक मस्जिद में सवेरे से रोजेदारों की भीड़ रही। मस्जिदों में रमजान माह की फजीलत व खूबियां बयान की गईं। गुनाहों से तच्च्बा कर ज्यादा से ज्यादा इबादत करने पर जच्र दिया गया, बाजार में भी खासी रच्च्नक रही।



रमजान का पाक माह चल रहा है। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में इस माह की अलविदा जुमे की नमाज के लिए शुक्रवार कच सैकड़ों रोजदारों ने मस्जिद में जाकर शिददृत से नमाज पढ़ी। कई मस्जिदों में भीड़ इतनी हो गई कि लोंगों को बाहर सड़क पर बैठकर नमाज पढ़नी पड़ी। हाफिज मुजीब ने बताया कि रमजानुल मुबारक का महीना बरकतों व बेइन्तहा इनायतों का महीना है। खुद अल्लाह ताला का इरशाद गिरामी है कि रच्जा जरूरी है। रमजान माह में रोजेदारों के भूख व प्यास की तड़प का एहसास कराता है। रोंजेदारों केत्याग अच्च्र कुबार्नी का भी एहसास कराया जाता है। रमजान माह तीन असरों में पूरा होता है। रहमत, मग, फिरत व निजात के होते है। आखिरी असरे में एक महत्वपूर्ण रात शबेकद्र की होती है। इस रात मुस्लिम मस्जिदों में रातभर जागकर अल्लाह ताला से गुनाहों की माफी मांगते हैं। नमाज अदा कर दुवायें भी मांगी जाती हैं। रमजान का महीना इबादत की गरज से मुस्लिमों के लिए सबसे माकूल माना गया है। इसी माह रमजान शरीफ में पवित्र कुरान शरीफ का अवतरण हुआ। इबादतों के महीने में अल्लाहताला सबका गुनाह माफ करते हैं। जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज मोंलाना शाकिद, कजियाना मस्जिद में हाफिज अब्दुल रहमान, नूरानी मस्जिद में मुफ्ती सलाहुद्दीन, गोंसिया मस्जिद में हाफिज ऐनुल हक ओंर तरोंहा की चार मजिस्दों में मुकामी इमामों ने नमाज अदा कराई। इसी प्रकार सीतापुर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में अलविदा जुमा नमाज के सम्पन्न कराने के जिला प्रशासन ने चोंकस व्यवस्था कर रखी थी। जिले में शान्तिपूर्ण ढंग से अलविदा की नमाज सम्पन्न हुई। इस दोंरान प्रशासनिक व पुलिस अफसर बराबर जायजा लेते रहे।

इस मौके पर मो. रसीद उर्फ चीनी, मो रहीश, आमिर फारुकी, मो सलीम, मुस्ताक अहमद, डा अशरफ उल्ला खां, मो हाजी इब्राहिम, रज्जब अली, हबीब खान, सरफराज अहमद, सुनील, करामत, फिरोज, आरिफ खान, अदनान खां, शहंशाह, जावेद खान, इफ्तिखार अहमद, मो रहीस राईन, शहजादे, अबरार आदि मौजूद रहे। पालिका परिषद कक ईओ ने साफ-सफाई की चौकस व्यवस्था कराई थी।

**बाजार में रही चहल-पहल**

**चित्रकूट।** मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा करने के बाद बाजार में जमकर खरीददारी की। सेवई की दुकानों में जहां भारी भीड़ देखी गई, वहीं कपड़े की दुकानों में भी रौनक रही। हालांकि मुस्लिम भाइयचं ने ईद पर्व के मद्देनजर पहले ही खरीददारी कर चुके हैं। ज्यादातर लोगों ने शनिवार को ईद होने के मद्देनजर शुक्रवार को भी आवश्यक खरीददारी की। इससे बाजार में खासी चहल-पहल रही।

# आठ लोगों के कब्जे से 110 लीटर महुआ शराब व सौ क्वार्टर देशी शराब बरामद

## निकाय चुनाव पर एसपी के निर्देश पर बडे पैमाने पर हुई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में पुलिस ने आठ लोगों के कब्जे से 110 लीटर महुआ शराब व सौ क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।



शुक्रवार को चैकी प्रभारी सीतापुर जनार्दन प्रताप सिंह की टीम ने नीरज गोस्वामी पुत्र गेंदालाल निवासी तीर्थराजपुरी को 60 लीटर महुआ शराब समेत दबोचा है। कोतवाली कर्वी के दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने छंगू यादव पुत्र स्व शिवनाथ यादव निवासी खोह व नवल किशोर यादव पुत्र शिवराम यादव निवासी कोलगदहिया के कब्जे से 20-20 लीटर महुआ शराब समेत दबोचा है। मानिकपुर थाने के दरोगा हारुन रशीद खां की टीम ने जियालाल कोल पुत्र खिलाड़ी निवासी नागर के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। बरगढ थाने के दरोगा प्रभुनाथ सिंह की टीम ने मुकेश वर्मा पुत्र रामअवतार वर्मा पनहाई पुरवा मजरा सेमरा के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने श्रीमती दुवसिया पत्नी स्व कामता निवासी गुरेहटा मजरा बराह कोटरा के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया। मऊ थाने के दरोगा बालकिशुन की टीम ने श्रीमती पुइजी पत्नी भोला निवासी गुरेहटा मजरा बराह कोटरा के कब्जे से 20 लीटर महुबआ शराब व शराब बनने के उपकरण के साथ दबोचा है। मऊ थाने के दरोगा विजय बहादुर यादव की टीम ने जहरी पत्नी स्व मिठाईलाल निवासी गुरेहटा मजरा बराह कोटरा के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया है। सभी लोगों के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# अलविदा जुमा की नमाज एएसपी ने कराई सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अनुज मिश्र की देखरेख में नगर निकाय चुनाव व अलविदा जुमा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने को विभिन्न स्थानों पर टीम ने भ्रमण किया।




शुक्रवार को एसचेक टीम, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने नगर निकाय चुनाव, ईद उल फितर पर्व की जुमा नमाज को सुरक्षा, सतर्कता के मद्देनजर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन कर्वी, रेलवे स्टेशन मानिकपुर आदि स्थानों पर सघन जांच की।

टीमों ने जिले की विभिन्न मस्जिदों एवं मानिकपुर की विभिन्न मस्जिदों के आसपास जांचकर संदिग्धों व संदिग्ध वस्तुओं को देखा। पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति न मिलने पर पुलिस ने कहा कि ये कार्यवाही एहतियातन की गई है।

### ईद उल फितर त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु धर्म गुरुओं के साथ हुई बैठक

**उरई(जालौन)। जिला**धिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की अध्यक्षता में ईद उल फितर त्यौहार को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाये जाने हेतु विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समस्त धर्म गुरुओं के साथ आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि ईद उल फितर 22 अप्रैल को त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं, इसके लिए जिला प्रशासन की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहेगी, मस्जिद ईदगाह के आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी साथ ही विद्युत आपूर्ति भी सुनिश्चित कराई जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो सके। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने अपने क्षेत्र में गहन निरीक्षण कर जर्जर तार, खराब ट्रांसफार्मर का सर्वे कर लिया जाए जहां पर समस्या हो उसका तत्काल समाधान किया जाए जिससे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रहे।

उन्होंने कहा कि ईद उल फितर त्यौहार को पूरे सतर्कता एवं सजगता के साथ आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाते रहे है और आगामी त्यौहार को भी भाईचारे के साथ मनाया जाएगा यह मुझे विश्वास है। विभिन्न थानों से आए धर्मगुरुओं ने जिला प्रशासन को आश्वस्त किया कि इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ गंगा जमुनी तहजीब को ध्यान में रखते हुए मनाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहार के दौरान सुरक्षा के लिए बेहतर प्रबंध किए गए जनपद को 6 जोन व 12 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें सभी ईदगाहों व मस्जिदों में जहां अलविदा ईद की नमाज होगी वहां पुलिसकर्मी मुस्तैद रहेंगे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों पर पूर्ण निगरानी रहेगी कोई भी व्यक्ति मैसेज को फॉरवर्ड न करें इसकी सूचना तत्काल सीधे उपलब्ध कराई जाए ताकि व्यवधान डालने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाए सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पूनम निगम, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, नगर मजिस्ट्रेट रामप्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा आदि सहित अधिकारी व समस्त धर्मगुरु मौजूद रहे।

### घंटों बिजली कटौती से परेशान कानपुर के दर्जनों इलाके : ईद की तैयारियों में व्यवधान

**कानपुर। आज** यहां गुरुवार को महानगर के दर्जनों क्षेत्रों में बिजली घंटो गायब रही, जिसके फलस्वरूप भीषण गर्मी के चलते बहुत परेशान नजर आए` वहीं बिजली की यह कटौती ईद के त्यौहार की तैयारियों में भी बाधक बनी।

बिजली की इस घंटों कटौती का सबसे ज्यादा असर गोविंद नगर , नौबस्ता , बर्रा , पनकी कल्याणपुर, फजलगंज ,स्वरूप नगर , काकादेव ,सचेंडी , पनकी में हुई।

जिसके खिलाफ लोगों में जबरदस्त गुस्सा भी देखा गया इस दौरान संबंधित इलाकों के लोग विद्युत सब स्टेशन भी पहुंचे लेकिन वहां उन्हें इस बिजली कटौती की वजह नहीं बताई गई`

बिजली की कटौती ईद के त्यौहार की तैयारियों में बाधक बनती बताई गई। वहीं कई इलाकों में बिजली की अघोषित घंटों कटौती ने लोगों को जनरेटर का भी सहारा लेने के लिए मजबूर किया क्योंकि कई घंटे तक बिजली गायब रहने से लोगों के इनवर्टर भी जवाब दे गए।

अवगत कराते चलें कि बिजली की यह घंटों कटौती गर्मी के मौसम में लगभग हर साल की जाती है`

कई बार इसी के चलते अनेक सब स्टेशनों में बवाल भी किया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी ऐसी कोई व्यवस्था सुनिश्चित नहीं हो पाई, जिससे भीषण गर्मी के दौरान घंटों बिजली की कटौती से निजात मिल सके।

यद्यपि बीते तीन-चार साल के दौरान कई इलाकों में नए सब स्टेशनों का भी निर्माण किया गया है लेकिन इसके बाद भी विद्युत उपभोक्ताओं को समस्याओं से निजात नहीं मिल पाई है। वह बिजली से जुड़ी किसी न किसी समस्या से अक्सर परेशान ही रहते हैं`

### कोटेदारों के पास पहुंची दिल्ली से जांच टीम

**हल्दी,बलिया। विका**स खण्ड वेलहरी अन्तर्गत गाँवो मे बुधवार के दिन भारतीय खाद्य निरीक्षण मंत्रालय दिल्ली से आए अधिकारियों द्वारा राजकीय सस्ते गल्ले की दुकानों की जांच हुई। बेलहरी के कोटदार रमेश मिश्रा,कठही के कोटदार लल्लन प्रसाद ,हल्दी के कोटेदार पुष्पा सिंह तथा रेपुरा के कोटेदार दिनेश राय की दुकानो की एक वर्ष की स्टाक की जांच की तथा उच्चाधिकारियों द्वारा कार्ड धारको से भी पूछताछ किया गया।

शासन के मनसा अनुसार वितरण सुचार रूप से सन्तोष जनक पाया गया। केन्द्रीय टीम के साथ एआरओ मनोज पाण्डेय एवं पूर्ति निरीक्षक रत्नेश मिश्रा रहे।

### बाल विवाह रोकने के लिए बैठक संपन्न

**बलिया। जिला** प्रोबेशन अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु बैठक का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत बलिया जिले में कहीं भी अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह हो रहा है तो चाइल्ड लाइन 1098 एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 181 एवं महिला शक्ति केन्द्र बलिया जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं नजदीकि थाना को तत्काल सूचित करें। अक्षय तृतीया के मौके पर बड़ी संख्या में बाल विवाह होने की सम्भावना होती है। इसलिए जनपद को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। बैठक में अध्यक्ष / सदस्य बाल कल्याण समिति बलिया, प्रभारी एस०जे०पी०यू० बलिया, प्रभारी महिला थानाध्यक्ष कोतवाली बलिया, विधी सह परिवीक्षा अधिकारी जिन्बा०सं०ई०, संरक्षण अधिकारी जिन्बा०सं०ई० बलिया, सेन्टर मैनेजर वन स्टॉप सेन्टर बलिया, महिला कल्याण अधिकारी महिला शक्ति केन्द्र बलिया एवं निदेशक चाइल्ड लाइन बलिया उपस्थित रहे।

# विदेश संदेश

## रूस ने अपने ही शहर में गिरा दिया बम, जोरदार धमाके से कई इमारतें क्षतिग्रस्त

**मॉस्को।** यूक्रेन के साथ जारी युद्ध के दौरान रूस ने गलती से अपने ही शहर में बम गिरा दिया। जिसके बाद जोरदार धमाके से कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गयीं और इसकी चपेट में आकर कई लोग घायल हो गए।

रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से बताया गया कि रूस के एक लड़ाकू विमान ने गलती से यूक्रेन के पास अपने ही शहर बेलगोरोद में बम गिरा दिया। जिससे कई इमारतें ध्वस्त हो गयीं। कई कारें क्षतिग्रस्त हुईं और कुछ लोग घायल भी हुए हैं। विस्फोट से शहर के केंद्र में एक गड्ढा हो गया। धमाका इतना तेज था कि कुछ कारें उछल कर घरों की छतों तक पहुंच गयीं। धमाके के बाद हुए नुकसान की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

बेलगोरोद के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि विस्फोट से शहर के लोग सहम गए। इसमें चार अपार्टमेंट और कई कारें क्षतिग्रस्त हो गईं, बिजली लाइन के खंभे गिर गए। उन्होंने बताया कि जांचकर्ता और आपात मंत्रालय के प्रतिनिधि घटनास्थल पर भेजे गए हैं। विस्फोट के परिणामस्वरूप, शहर के केंद्र में लगभग 20 मीटर चौड़ा (65 फीट) विशाल गड्ढा बन गया। ग्लैडकोव और बेलगोरोद के मेयर वैलेन्टिन डेमिडोव ने सोशल मीडिया पर नुकसान की तस्वीरें पोस्ट कीं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि एक लड़ाकू विमान ने बेलगोरोद के ऊपर गोला-बारूद दाग दिया था। रूसी समाचार एजेंसियों द्वारा दिए गए बयान में कहा गया है कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रात सवा दस बजे हुई।

## निजगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण जल्द होगा शुरू: प्रचंड

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने एक चुनावी जनसभा में ऐलान किया कि निजगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण जल्द शुरू होगा। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया के सबसे बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण की आधारशिला जल्द रखी जाएगा। प्रस्तावित एयरपोर्ट भारत की सीमा से 50 किलोमीटर दूर है। प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा कि जब उन्होंने पोखरा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था तो कहा था कि निजगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट जल्द बनाया जाएगा। हालांकि, उद्घाटन के बावजूद पोखरा से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन शुरू नहीं हो सका है। भैरहवा में एक और इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, जिसकी सीमा भारत के उत्तर प्रदेश से सटी है, लेकिन यह भी चालू नहीं है। नेपाल में सिर्फ काठमांडू का त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट ही अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करता है।

प्रधानमंत्री प्रचंड का यह बयान तब आया है जब नेपाल की सीमा से सटे बिहार के रक्सौल से केवल 50 किलोमीटर दूर वनक्षेत्र में प्रस्तावित यह इंटरनेशनल एयरपोर्ट विवादों में है। एयरपोर्ट बनाने के लिए 8,000 हेक्टेयर जमीन के 20 लाख से ज्यादा विशेष पेड़ों को काटना पड़ा है। निजगढ़ एयरपोर्ट बनाने के प्रयास का विरोध भी हुआ था। पर्यावरणविदों ने एयरपोर्ट के निर्माण के लिए पेड़ों को काटे जाने का विरोध किया था। उनका कहना था कि जब नेपाल में पहले से ही तीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं तो अब नए एयरपोर्ट का निर्माण समझ से परे है। हाल में चीन ने दावा किया था कि नेपाल का पोखरा एयरपोर्ट बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया है।

## अमेरिका ने किया भारत-चीन के बीच बातचीत का समर्थन, सीमा विवाद पर रुख दोहराया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत और चीन के बीच बातचीत का समर्थन किया है। साथ ही भारत के साथ खड़े होने की बात कहते हुए सीमा विवाद पर अपने पुराने रुख पर कायम रहने की बात दोहराई है।

अमेरिका के दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने कहा कि चीन और भारत के बीच चल रहे सीमा विवाद पर अमेरिका अपने रुख से पीछे नहीं हटा है। अमेरिका आज भी पुराने रुख पर कायम है। उन्होंने कहा कि सीमा विवाद को खत्म करने के लिए दोनों देशों के बीच बातचीत होना जरूरी है। हालांकि उन्होंने चीन की मंशा पर सवाल भी खड़े किये। उन्होंने कहा कि चीन इन वार्ताओं को गंभीरता से ले रहा है, इस बात के प्रमाण बहुत कम मिले हैं। दरअसल जो दिख रहा है, वह इसके उलट है। भारत और चीन की सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर होने वाले चीन का हस्तक्षेप नियमित रूप से देखा जा सकता है।

लू ने भारत के साथ अमेरिका के रिश्तों की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि चीन और भारत के बीच कैसे भी संबंध रहें, अमेरिका हमेशा भारत के साथ खड़ा है। इस मामले में भारत हमेशा अमेरिका पर पूरा भरोसा रख सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने वर्ष 2020 में गलवान संकट के दौरान भारत के सात अपनी दोस्ती का सबूत दिया था। उन्होंने कहा कि अमेरिका आने वाले वर्षों में भारत के साथ रिश्ते को और मजबूती के साथ आगे बढ़ाएगा। इसके लिए आपस में संबंधों के विस्तार के नए अवसर भी तलाशे जाएंगे।

# इस साल दुनिया कर सकती है भीषण गर्मी का सामना, पारा बनाएगा नए रिकॉर्ड; मौसम वैज्ञानिकों ने बताई यह वजह

**वाशिंगटन।** हर साल गर्मी बढ़ती जा रही है। पूरी दुनिया बढ़ते तापमान का सामना कर रही है। ऐसे में वैज्ञानिकों का मानना है कि इस साल दुनिया रिकॉर्ड भीषण गर्मी का सामना कर सकती है। बता दें, यह अल नीनो की वापसी के कारण होगा। जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और अल नीनो मौसम की घटना वजह से दुनिया 2023 या 2024 में एक नए औसत तापमान रिकॉर्ड को तोड़ सकती है। जलवायु वैज्ञानिकों के अनुसार, प्रशांत महासागर में ला नीना मौसम के तीन साल बाद दुनिया इस साल के अंत में अल नीनो की वापसी का अनुभव करेगी। दरअसल ला नीना आम तौर पर वैश्विक तापमान को थोड़ा कम करता है, जबकि अल नीनो गर्म तापमान महसूस कराता है।

**इस साल देखा जाएगा बदलाव**

यूरोपीय संघ के कोपर्निकस क्लाइमेट के निदेशक कार्लो बूनटेम्पो ने बताया कि अल नीनो सामान्य रूप से वैश्विक स्तर पर रिकॉर्ड तोड़ तापमान से जुड़ा है। साल 2023 या 2024 तक यह देखा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जलवायु मॉडल पर ध्यान दें तो यह हमें चेतावनी दे रहे हैं कि थोड़ी देर से ही सही लेकिन गर्मियों में अल नीनो की वापसी देखी जाएगी।

**पिछले आठ साल सबसे गर्म**- अब तक रिकॉर्ड पर दुनिया का सबसे गर्म वर्ष 2016 था।




यह अल नीनो की वजह से ही दर्ज किया गया था। हालांकि अभी की बात करें तो जलवायु परिवर्तन की घटना के कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में अल नीनो के बिना ही आप रिकॉर्ड वृद्धि देख सकेंगे। गौरलतब है पिछले आठ साल दुनिया के सबसे गर्म थे।

**क्या है अल नीनो**

प्रशांत महासागर में पेरू के निकट समुद्री तट के गर्म होने की घटना को अल-नीनो कहा जाता है। आसान भाषा में समझे तो समुद्र का तापमान और वायुमंडलीय परिस्थितियों में जो बदलाव आते हैं उस समुद्री घटना को अल नीनो का नाम दिया गया है। इस बदलाव के कारण समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री ज्यादा हो जाता है।

**अल नीनो का मौसम पर क्या पड़ता है असर**

अल नीनो के कारण प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह तापमान सामान्य से ज्यादा हो जाता है यानी गर्म हो जाता है। इस परिवर्तन के कारण मौसम चक्र बुरी तरह से प्रभावित होता है। अल नीनो का असर दुनिया भर में महसूस किया जाता है, जिसके कारण बारिश, ठंड, गर्मी सब में अंतर दिखाई देता है। अब मौसम के बदल जाने के कारण कई स्थानों पर सूखा पड़ता है तो कई जगहों पर बाढ़ आती है। जिस साल अल नीनो की सक्रियता बढ़ती है, उस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून पर इसका असर पड़ता है। इससे धरती के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा होती है तो कुछ हिस्सों में सूखे की गंभीर स्थिति सामने आती है। हालांकि कभी-कभी इसके सकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं, उदाहरण के तौर पर अल नीनो के कारण अटलांटिक महासागर में तूफान की घटनाओं में कमी आती है।

# प्रिंस विलियम ने भारतीय रेस्त्रां में फोन पर की ग्राहक से बात, उनके लिए टेबल की बुकिंग भी की

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रिंस विलियम ने शाही यात्रा के दौरान एक अनजान ग्राहक से फोन पर बात की। वाकया बर्मिंघम के एक भारतीय रेस्त्रां का है। यहां उन्होंने एक अनजान ग्राहक का फोन रिसीव किया और टेबल बुकिंग के लिए बात की। यह रेस्त्रां एक परिवार के लोग मिलकर चलाते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भविष्य के ब्रिटेन के राजा, उनकी पत्नी केट मध्य इंग्लैंड में बर्मिंघम की अपनी यात्रा के दौरान एक परिवार की ओर संचालित भारतीय स्ट्रीटरी पहुंचे थे। इस दौरान रेस्त्रां में एक फोन आया। फोन करने वाले ग्राहक को दो लोगों के लिए टेबल बुक करनी थी।बताया जा रहा है कि फोन पर



बात करने के बाद प्रिंस विलियम ने रेस्त्रों मालिकों से बात की और बुकिंग की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने टेबल खाली होने की स्थिति को लेकर भी चर्चा की। ग्राहक को एक ट्रेन भी पकड़नी थी, ऐसे में उनके समय के मुताबिक बुकिंग की व्यवस्था के लिए प्रिंस ने रेस्त्रां की बुकिंग लिस्ट को चेक किया। प्रिंस ने बातचीत समाप्त करते हुए पूछा कि बुकिंग किसके नाम पर करनी है? सवा दो बजे मिलते हैं। रोचक यह भी रहा कि ग्राहक को पता ही नहीं चला कि फोन पर उनकी प्रिंस विलियम से बात हो रही है। उन्होंने फोन करने वाले को अपना नाम तक नहीं बताया। इसके बाद विलियम के कार्यालय ने ट्विटर पर कहा कि उम्मीद है कि हमने इस ग्राहक को सही जगह पर आने पहुंचने में मदद की... ! बताया जा रहा है कि प्रिंस ने रेस्त्रां की रसोई में व्यंजन तैयार करने में भी स्टाफ की मदद की।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन अगले सप्ताह कर सकते हैं चुनाव अभियान की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और उनकी टीम अगले सप्ताह एक बार फिर अपने चुनाव अभियान की घोषणा करने की तैयारी कर रही है। 'द वाशिंगटन पोस्ट' की खबर के अनुसार राष्ट्रपति के सहयोगी आधिकारिक तौर पर अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए बाइडन का एक वीडियो जारी करने की योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं।

**आने वाले मंगलवार को चुनाव अभियान से जुड़ा वीडियो हो सकता है जारी**

द वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार बाइडन और उनके सहयोगियों ने मंगलवार को वीडियो जारी करने का फैसला किया है, 2020 में भी उन्होंने इसी तरह अपने चुनाव अभियान की शुरूआत की थी। योजनाओं



के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि चुनाव अभियान पर विचार-विमर्श किया गया है हालांकि उन्होंने यह भी बताया है कि आधिकारिक घोषणा में देरी हो सकती है।

**बाइडन दोबारा चुनाव लड़ने के दे चुके हैं संकेत**

बाइडन महीनों से संकेत दे रहे हैं कि वह दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। लेकिन उन्होंने आधिकारिक घोषणा को टाल कर रखा है। क्योंकि अब तक उन्हें और उनके सहयोगियों को चुनाव अभियान शुरू करने की कोई आवश्यकता महसूस नहीं हुई है। खासकर डेमोक्रेटिक पार्टी मध्यावधि चुनावों में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन के बाद और अधिक निश्चिंत हो गई है। राष्ट्रपति के शीर्ष सहयोगी व्हाइट हाउस में पिछले साल से ही राष्ट्रपति और प्रथम महिला के साथ नियमित बैठकें करते हुए चुनाव अभियान की व्यापक तैयारी कर रहे हैं।

**बाइडन और हैरिस ने टैक्स रिटर्न के आंकड़े जारी किए**

बता दें कि एक दिन पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की ओर से 2022 में टैक्स रिटर्न के आंकड़े सार्वजनिक किए गए। इसके मुताबिक, 2022 में अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी जिल बाइडन की साझा कमाई 5 लाख 80 हजार डॉलर (4 करोड़ 76 लाख रुपये) रही, जो कि 2021 की 6 लाख 10 हजार 702 डॉलर (करीब 5 करोड़ रुपये) के मुकाबले कम रही। दोनों ने इस कमाई पर 23.8 फीसदी की दर से 1 लाख 37 हजार 658 डॉलर (करीब 1.13 करोड़ रुपये) टैक्स भरा। इतना ही नहीं उनकी कमाई का 3.5 फीसदी 20 चैरिटी को दान देने में भी इस्तेमाल हुआ।

# अमेरिका ने भारत को सराहा, कहा- यूक्रेन मसले पर हम एकमत नहीं, फिर भी हमारे रिश्ते मजबूत हुए

**वाशिंगटन।** एक साल से चल रहा रूस यूक्रेन युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में अमेरिका ने रूस से युद्ध को रोकने की अपील की है। साथ ही भारत से भी आग्रह किया कि वह रूसी राष्ट्रपति को युद्ध से पीछे हटने को कहें। हालांकि बाइडन प्रशासन ने यह भी साफ कर दिया है कि इस युद्ध का अमेरिका-भारत के संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ा है।

**युद्ध पर समान दृष्टिकोण नहीं**

दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक सचिव डोनाल्ड लू ने कहा कि रूस-युक्रेन युद्ध ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को तोड़ने के बजाय वास्तव में मजबूत किया है। उन्होंने आगे कहा कि यह सच है कि हमने हमेशा यूक्रेन में रूस के युद्ध के लिए समान दृष्टिकोण साझा नहीं किया है। लेकिन हम इस बात को साझा करते हैं कि यह युद्ध जल्द से जल्द समाप्त होना चाहिए।



**बातचीत ही एकमात्र रास्ता**

डोनाल्ड लू ने कहा कि रूस के साथ भारत के लंबे समय से संबंध हैं। इसलिए भारत से आग्रह है कि वह व्लादिमीर पुतिन से अपने युद्ध को समाप्त करने और यूक्रेनी क्षेत्र से हटने पर बात करें। उन्होंने आगे कहा कि हम भारत से सहमत हैं कि रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान बातचीत से निकाला जा सकता है।

**पीएम मोदी की टिप्पणियां अहम**

उन्होंने कहा कि भारत ने यूक्रेन में मानवीय सहायता प्रदान की है। इसका हम स्वागत करते हैं। साथ ही बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन में वार्ता और कूटनीति के आह्वान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणियों का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध के पहले दिनों से भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच निरंतर बातचीत हुई है। यह सहयोग जारी रहेगा। हमें उम्मीद है कि भारत इस युद्ध को समाप्त करने के लिए रूस के साथ अपने संबंधों और अपने प्रभाव का उपयोग कर सकता है।

**हमारे संबंध और मजबूत हुए**

लू ने आगे कहा कि हमें पता है कि हमारा एक मत नहीं है युक्रेन युद्ध को लेकर, लेकिन हमने शुरू से ही एक दूसरे से बात करके समाधान निकाला है। शायद भारत ने महसूस किया होगा कि हमने किस तरह उनके बच्चों को बाहर निकलवाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि यूक्रेनी युद्ध ने हमारे संबंधों को तोड़ा नहीं, बल्कि हमारे संबंधों को मजबूत किया है।

# भारत-बांग्लादेश अब रुपये और टका में सीधे करेंगे व्यापार, वाणिज्यिक लेनदेन पर ऐतिहासिक फैसला

**वाशिंगटन।** भारत और बांग्लादेश ने वाणिज्यिक लेनदेन को लेकर एक ऐतिहासिक फैसला किया है। दोनों देशों ने निर्णय लिया है कि अब से वे भारतीय रुपये और बांग्लादेशी टका में वाणिज्यिक लेनदेन करेंगे। अभी तक लेनदेन अमेरिकी डॉलर में होता है। गौरतलब है कि पिछले वित्त वर्ष में भारत से बांग्लादेश का आयात करीब 13.69त्न था। इसमें से दो बिलियन डॉलर का लेन-देन रुपये में किया जाएगा, लेकिन बाकी का भुगतान अमेरिकी डॉलर में होगा।

**डॉलर में मजबूती से क्रूड के दाम तीन सप्ताह के निचले स्तर पर**

डॉलर में मजबूती और ब्याज दरें बढ़ने की आशंका से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटकर तीन सप्ताह के निचले स्तर पर आ गई। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.12 डॉलर सस्ता होकर 82 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी तेल मानक डब्ल्यूटीआई की कीमत 1.02 डॉलर घटकर 78.14 डॉलर प्रति बैरल रह गई।

दरअसल, अमेरिकी डॉलर सूचकांक इस सप्ताह अब तक करीब 0.3 फीसदी चढ़ चुका है। इसके साथ ही यह फरवरी के बाद अपने उच्च स्तर पर पहुंच गया है।



अन्य मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती से उन देशों के लिए तेल खरीदना महंगा हो गया है, जो अमेरिकी मुद्रा में लेनदेन करते हैं। इससे उन देशों में कच्चे तेल की मांग में गिरावट आई है। इसके अलावा, ब्रिटेन में महंगाई बढ़कर दहाई अंकों में पहुंच गई है। इससे अनुमान है कि बैंक ऑफ इंग्लैंड ब्याज दरों में और बढ़ोतरी कर सकता है। उधर, रूस के पश्चिमी बंदरगाहों से अप्रैल में तेल निर्यात 2019 के बाद सबसे अधिक होने की संभावना है।

**रूस के आक्रमण के बाद पहली बार यूक्रेन पहुंचे नाटो प्रमुख**

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टॉल्टनबर्ग पिछले साल रूस के आक्रमण के बाद से पहली बार यूक्रेन पहुंचे हैं। नाटो के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने का अनुरोध करते हुए बताया, नाटो महासचिव यूक्रेन में हैं। हम जल्द से जल्द और अधिक जानकारी प्रदान करेंगे। स्टॉल्टनबर्ग युद्ध शुरू होने से पहले यूक्रेन गए थे, लेकिन अब उनकी यात्रा यूक्रेन की स्वतंत्रता की रक्षा को लेकर नाटो की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# वर्जीनिया के स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सिख धर्म, ऐसा करने वाला 17वां अमेरिकी राज्य बना

**वर्जीनिया।** अमेरिका के वर्जीनिया में 10 लाख से अधिक छात्र अब सिख धर्म के बारे में अपनी स्कूली किताब से जानकारी हासिल कर सकेंगे। क्योंकि इस राज्य ने नए सामाजिक अध्ययन मानकों के पक्ष में मतदान किया। जिसके बाद पहली बार स्कूली पाठ्यक्रम में सिख धर्म को शामिल किया जाएगा। इससे पहले यूटा और मिसिसिपी अपने सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम में सिख धर्म, सिख प्रथाओं और परंपराओं के बारे में जानकारी शामिल करने वाले अमेरिका के 15वें और 16वें राज्य बने थे। अमेरिका के वर्जीनिया राज्य शिक्षा बोर्ड ने सीखने के नए इतिहास और सामाजिक विज्ञान मानकों के पक्ष में मतदान किया। सिख समाज ने कहा कि इस पहल के बाद दस लाख से अधिक छात्रों को सिख समुदाय के बारे में जानने का अवसर मिलेगा।



**17वां राज्य बना वर्जीनिया**

वर्जीनिया अब उन अमेरिकी राज्यों की बढ़ती सूची में 17वें स्थान पर है, जिन्होंने अपने पब्लिक-स्कूल सामाजिक अध्ययन मानकों में सिखों के बारे में सटीक जानकारी शामिल करने के लिए सिख गठबंधन के साथ काम किया है। सिख गठबंधन के वरिष्ठ शिक्षा प्रबंधक हरमन सिंह ने कहा, स्थानीय संगत के साथ दो साल से अधिक समय तक काम करने के बाद, यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि सिखी को वर्जीनिया के राष्ट्रमंडल में कक्षाओं में पढ़ाया जा सकता है।

उन्होंने कहा, हम न केवल सिख समुदाय के लिए, बल्कि उन सभी समूहों के लिए लड़ना जारी रखते हैं, जिनके इतिहास को सटीक रूप से पढ़ाया जाना चाहिए। सिख धर्म दुनिया के सबसे बड़े धर्मों में से एक है और समुदाय के सदस्यों ने नागरिक अधिकारों, राजनीति, कृषि, इंजीनियरिंग और चिकित्सा के क्षेत्र में 125 वर्षों से अमेरिकी समाज में योगदान दिया है।

# एयर इंडिया की दुबई-दिल्ली उड़ान में हुई घटना की डीजीसीए जांच शुरू

**नई दिल्ली।** नागर विमानन निदेशालय (डीजीसीए) एयर इंडिया की 27 फरवरी को दुबई-दिल्ली फ्लाइट में हुई घटना की जांच कर रहा है। नियामक एयरलाइंस की दुबई-दिल्ली उड़ान के दौरान एक पायलट के महिला मित्र को कॉकपिट में जाने की अनुमति देने की जांच कर रहा है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एयरलाइन कंपनी भी इसकी जांच कर रही है। डीजीसीए के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि नियामक इस मामले की जांच कर रहा है। उन्होंने बताया कि जांच दल तकनीकी और सुरक्षा के नजरिए से प्रासंगिक तथ्यों की जांच करेगा। जानकारी के मुताबिक यह घटना 27 फरवरी की है। उड़ान के दौरान पायलट ने एक महिला मित्र को कॉकपिट में जाने की अनुमति दी थी। एयर इंडिया के दुबई-दिल्ली फ्लाइट के चालक दल के एक सदस्य ने डीजीसीए से शिकायत की थी। उधर, टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया के प्रवक्ता ने जारी एक बयान में कहा कि एयरलाइन यात्रियों की सुरक्षा और देखभाल से संबंधित पहलुओं में कमी को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि इस घटना के संबंध में जरूरी कार्रवाई करेगी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।